卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐जय माता दी卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 139 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦27 फरवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


## 89230-07 हजार करोड़ का बजट पेश

### वित्त मंत्री ने कहा- बजट में राज्य की अर्थव्यवस्था में सुधार लाने का रोडमैप तैयार



देहरादून (उद संवाददाता)। विधान सभा सत्र के दूसरे दिन धामी सरकार ने विधानसभा पटल पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट रखा। वित्त मंत्री ने सदन में 89230.07 हजार करोड़ का बजट पेश किया। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने उत्तराखंड में विकास की संभावनाओं का निर्यंत्रित दोहन करते हुए राज्य की अर्थव्यवस्था में सुधार लाने का रोडमैप तैयार किया है। इस रोडमैप के तहत सरकार को पर्यटन, उद्यान, आयुष, सेवा, उद्योग, अवस्थापना विकास, तीर्थाटन और नई टाउनशिप के क्षेत्र में चरणबद्ध ढंग से कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को जमीन पर उतारना है। बजट में डिग्री कॉलेज सरकारी में शैक्षिक गुणवत्ता को 10 करोड़ की व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा एनईपी के तहत चल रही अनुसन्धान योजना को 2 करोड़, खटीमा में निशुल्क कोचिंग सेंटर, सरकारी विद्यालयों में आईसीटी लैब,विज्ञान के केंद्र चंपावत को तीन करोड़, उदीयमान खिलाड़ी को छात्रवृत्ति के तहत 10 करोड़, राष्ट्रीय खेलों के लिए 250 करोड़, राज्य व राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए 10 करोड़, प्रशिक्षण शिविर के लिए 5 करोड़, खेलो इंडिया के लिए दो करोड़, पिथौरागढ़ स्पोर्ट्स कॉलेज भवन को दो करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा निशुल्क गैस रिफिल 1,83,419 अंत्योदय कार्ड (शेष पृष्ठ सात पर)

## गदरपुर में पुलिस ने पकड़ा अवैध हथियारों का जखीरा

- डिलीवरी देने जा रहा सौदागर दबोचा
- पिस्टल,बंदूक, तमंचे और कारतूस बरामद

गदरपुर (उद संवाददाता)। अवैध हथियारों की डिलीवरी देने जा रहे हथियारों के सौदागर को एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने भारी मात्रा में अवैध असलहों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये सौदागर के पास से 32 बोर की दो फैक्ट्री मेड पिस्टल, 12 बोर की एक पौनिया बंदूक, सात तमंचे और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किये गये हैं। पुलिस ने आरोपी का संबंधित धाराओं में चालान कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखविर से पुलिस को सूचना मिली कि रतनपुरा बार्डर के पास अवैध असलहों का सौदागर डिलीवरी देने आ रहा है। जिस पर एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने रतनपुरा बार्डर के पास पहुंचकर छानबीन शुरू की। इसी दौरान एक व्यक्ति सफेद रंग का कट्टा और कन्धे पर बैग लटकाये हुए सड़क किनारे खड़ा नजर आया। पुलिस को देखकर उक्त व्यक्ति भागने की कोशिश करने लगा। जिस पर पुलिस ने उसे दबोच लिया। (शेष पृष्ठ सात पर)

## फांसी लगाकर युवती ने दी जान

काशीपुर(उद संवाददाता)। युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक पूरनपुर जसपुर निवासी जयपाल सिंह की 20 वर्षीय पुत्री सलोनी हाई स्कूल पास करने के बाद पढ़ाई छोड़ दी। वह घर में ही रहा करती थी। सोमवार को जब परिजन खेतों में काम पर चले गए इसी दौरान मौका पाकर अपराह्न बाद अज्ञात कारणों के चलते युवती ने खुद को कमरे में बंद कर लिया और दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। वापस लौटने पर परिजनों को जब इसका पता चला तो उनमें कोहराम मच गया। तत्काल मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण पुलिस ने दरवाजा तोड़कर युवती के शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आज मृतका के शव का अंत्य परीक्षण कराने के बाद पुलिस ने उसे परिजनों के हवाले कर दिया। मृतका दो बहन तथा एक भाई में सबसे बड़ी थी। अचानक घटी घटना से परिवार में कोहराम मचा है। खबर लिखे जाने तक आत्म हत्या के सही कारणों का पता नहीं चल सका लेकिन दबी जवान चर्चा है कि पिछले कुछ समय से युवती की कुछ बातों का परिजन विरोध कर रहे थे जिससे वह मानसिक रूप से परेशान थी।

## चीनी मिल के रिटायर्ड कर्मी की संदिग्ध मौत

### करतारपुर मोड़ पर मिला शव,पुलिस जांच में जुटी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर मार्ग पर करतारपुर मोड़ पर चीनी मिल गदरपुर के रिटायर्ड कर्मी का संदिग्ध परिस्थितियों में शव पाया गया। उनकी मोटर साईकिल पास में ही गिरी हुई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित किया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन चिकित्सालय आ गये और उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से



बिलारी मुरादाबाद निवासी 61 वर्षीय संजीव सिंह पुत्र हुकुम सिंह गदरपुर में अपनी पत्नी रतना सिंह के साथ रहते थे। वह चीनी मिल गदरपुर से रिटायर हुए थे। बताया जाता है कि गत रात्रि उन्हें राह गुजरते लोगों ने करतारपुर मोड़ पर बेसुध अवस्था में पड़ा देखा। उनकी मोटरसाईकिल भी पास ही में गिरी हुई थी। मामले की सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने उन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक संजीव सिंह की दों पुत्रियां निधि व नेहा हैं जिनका विवाह हो चुका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## हल्द्वानी का बदमाश तमंचा व हजारों की नगदी संग दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि पुलिस टीम ने चौकिंग के डायरन ब्लॉक रोड पर हल्द्वानी निवासी एक बदमाश को तमंचा कारतूस व हजारों की नगदी के साथ दबोच लिया जब वह किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। पकड़े गए बदमाश की पुलिस लूट के एक मामले में तलाश कर रही थी। जानकारी के अनुसार उनि पंकज सिह महर, हेकानि. आदर्श कुमार व कानि. भवानी राम के साथ क्षेत्र में चौकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने (शेष पृष्ठ सात पर)

## डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार की दर्दनाक मौत

### स्कूटी को दूर तक घसीट ले गया बेकाबू डंपर

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पंतनगर क्षेत्र के नगला बाईपास में तेज रफ्तार डंपर ने एक स्कूटी सवार को रौंद दिया। हादसे में स्कूटी सवार की मौत हो गई। डंपर स्कूटी सवार को स्कूटी समेत काफी दूर तक घसीटता ले गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस के मुताबिक देर शाम स्कूटी संख्या यूके 06/बीई 0380 पर सवार एक व्यक्ति किच्छा से लालकुआं की ओर जा रहा था। नगला बाईपास पर



किच्छा से रुद्रपुर की ओर तेज रफ्तार से आ रहा डंपर ने स्कूटी सवार को रौद दिया। बताया जा रहा है कि स्कूटी पहियों में फंस गई और डंपर उसे काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया। जिसमें स्कूटी सवार की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद डंपर लेकर भाग रहे चालक को लोगों ने पीछा करके पकड़ लिया और चालक की जमकर पिटाई की। इसी बीच सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया और दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। मृतक की शिनाख्त 47 वर्षीय जगदीश सिंह निवासी दवाई फार्म बिंदुखत्ता लालकुआं के रूप में हुई। इंस्पेक्टर आरएस डांगी ने बताया कि मृतक के परिवार को सूचना दी गयी जिस पर परिवार के लोग भी पहुंच गए। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक की एक बेटी और तीन बेटे हैं। मृतक अपने छोटे बेटे को बेटी के यहां छोड़कर घर लौट रहा था।

## बीस लाख की स्मैक के साथ तीन तस्कर दबोचे

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। ड्रग तस्करों के खिलाफ पुलिस एक और बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 20 लाख रुपए की स्मैक के साथ जीजा साले समेत तीन को गिरफ्तार किया है। जीजा रोडवेज में ड्राइवर है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने खुलासा करते हुए बताया कि नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे मिशन ड्रग फ्री देवभूमि-2025 अभियान के तहत पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान तीन अभियुक्तों को मोटरसाइकिल में स्मैक की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने 223 ग्राम स्मैक बरामद की।



पकड़े गये आरोपियों में चरणजीत सिंह पुत्र सुच्चा सिंह निवासी दूधियानगर, वार्ड न० 04 रुद्रपुर, , मनीष कुमार पुत्र सेवा राम गंगवार निवासी बरगवां , रसूलपुर, बहेड़ी, बरेली हाल निवासी सीएमडी कॉलोनी, देवलचौड हल्द्वानी व रिंकू कश्यप पुत्र ओम प्रकाश कश्यप(शेष पृष्ठ सात पर)

## उत्तराखंड में ‘अनसुनी’ हो रही ‘नागरिकों की फरियाद’

### प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की सालाना रिपोर्ट में जन शिकायतों के निराकरण में पिछड़ा उत्तराखंड, रिपोर्ट के अनुसार गत वर्ष प्राप्त 15,774 शिकायतों में से केवल 13,139 शिकायतों का ही किया जा सका निस्तारण, नए वर्ष में भी रफ्तार नहीं पकड़ सका जन शिकायतों के समाधान का सिलसिला, जनवरी महीने में प्राप्त 3,892 जन शिकायतों में से केवल 1,215 शिकायतों का ही हुआ समाधान

-अर्श-

रूद्रपुर। एक तरफ जहां सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस साल के अंत तक सशक्त उत्तराखंड कि लक्ष्य प्राप्ति को आकार देने की कवायद में जुटे हैं, वहीं दूसरी ओर राज्य की तमाम सरकारी सेवाओं को अंजाम तक पहुंचने की दिशा में अधिकारियों-कर्मचारियों की लापरवाही, मुख्यमंत्री की इस मुहिम में एक बड़ी बाधा बनकर सामने आ रही है। उल्लेखनीय है कि लालफीताशाही द्वारा राज्य के नागरिकों की फरियाद के समाधान में बरती जा रही इस उदासीनता के चलते उत्तराखंड जन शिकायतों के समाधान में देश के 22 सबसे खराब राज्यों की सूची में शुमार हो गया है। जबकि विभिन्न सरकारी सरकारी पोर्टलों के माध्यम से सरकार को प्राप्त होने वाली जन शिकायतें प्रतिवर्ष दुगनी तिगुनी रफ्तार से बढ़ती जा रही है। ऐसे में लाख टके का सवाल यह है की जब राज्य में नागरिकों की छोटी-मोटी शिकायतों का समय रहते निराकरण ही ना हो पाएगा, तो धामी के सशक्त उत्तराखंड बनाने का संकल्प कैसे आकर ले पाएगा ? उत्तराखंड में लोगों की शिकायतों का समाधान करने में सरकारी लापरवाही का आलम क्या है ? इसका खुलासा प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की वेबसाइट https:/ darpg. gov.in / की रिपोर्ट में हुआ है ।बताना होगा कि इसी साल जनवरी में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की 17वीं रिपोर्ट जारी हुई थी। जिसमें यह तथ्य




उजागर हुआ कि एक जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक कुल 15,774 शिकायतें उत्तराखंड सरकार को मिलीं थी, जिनमें से केवल 13,139 जन शिकायतों का निस्तारण ही किया गया अर्थात वर्ष के अंत में 2635 शिकायतें पेंडिंग रह गईं । देखा जाए तो बीते साल सरकार को हर माह औसतन 1300 शिकायतें प्राप्त हुई थीं ।बात चालू वर्ष की करें तो इस साल जनवरी में विभिन्न पोर्टलों और विभागों के जरिए सरकार को साढ़े तीन हजार से ज्यादा शिकायतें मिलीं, लेकिन इसमें समाधान केवल 32 फीसदी शिकायतों का ही हुआ तथा 68 प्रतिशत शिकायतें सुनी तक नहीं गईं। रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2024 में उत्तराखंड सरकार को कुल 3,892 शिकायतें प्राप्त हुईं और महीना समाप्त होते-होते इनमें से केवल 1,215 शिकायतों का ही समाधान किया जा सका, जबकि 2677 शिकायतें महीना पूरा होने के बाद भी लंबित रही आई ।रिपोर्ट के मुताबिक उत्तराखंड में सरकार को प्राप्त होने वाली जन शिकायतों की संख्या हर साल बढ़ रही, लेकिन इसके उलट समाधान की गति धीमी पड़ती जा रही है ,जिसके चलते जन शिकायत के समाधान में फिसड्डी 22 राज्यों में उत्तराखंड भी शुमार हो गया है। ज्ञात हो कि जन शिकायत के समाधान की दृष्टि से ऐसे राज्यों को सबसे खराब माना गया है ,जहां हजार से ज्यादा शिकायतें लंबित हैं। इसमें उत्तराखंड 19वें स्थान पर (शेष पृष्ठ सात पर)

# गुलदार आदमखोर घोषित, मारने के आदेश

## टिहरी में गुलदार को मारने का वीडियो वायरल, जांच के आदेश

देहरादून। किमाड़ी क्षेत्र में बच्चे को मारने वाले गुलदार को आदमखोर घोषित कर करते हुए गोली मारने के आदेश दिए गए हैं। घटना के अगले दिन सोमवार को मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक समीर सिन्हा की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही क्षेत्र में गुलदार को पकड़ने के लिए आठ पिंजरे और 12 कैमरा ट्रैप भी लगाए गए हैं। गुलदार दिखने पर पहले उसे ट्रैंकुलाइज किया जाएगा और फिर आवश्यकता पड़ने पर गोली मार दी जाएगी। बता दें कि रविवार शाम करीब आठ बजे गलज्वाड़ी वन बीट से सटी मराड़ी गुर्जर बस्ती में गुलदार ने मीर हमजा के 10 वर्षीय बेटा डेरे से बाहर लघुशंका करने के लिए गया था। इस दौरान झाड़ियों में घात लगाकर बैठे गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। भीड़ के पहुंचने पर गुलदार बच्चे को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। बुरी तरह घायल बच्चे को जब तक अस्पताल ले जाया जाता उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, जिन्हें स्थानीय निवासियों के विरोध का सामना करना पड़ा। इधर वन विभाग और पुलिस की टीम भी देर रात तक क्षेत्र के आसपास कांबिंग की। प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून



नितीशमणि त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार को भी क्षेत्र में सुबह से ही गश्त की जा रही है। तीन शिफ्ट में वन विभाग की तीन टीमें गुलदार की तलाश में जुटी हैं। इसके बाद मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक समीर सिन्हा ने गुलदार को आदमखोर घोषित करते हुए गोली मारने के आदेश दिए हैं। टिहरी जिले के कीर्तिनगर ब्लॉक के मलेथा गांव में गुलदार को मारने के मामले में प्रमुख वन संरक्षक वन्य जीव डॉ. समीर सिन्हा ने चीफ गढ़वाल को जांच के आदेश दिए हैं। कहा, गुलदार ने किन परिस्थितियों में ग्रामीणों पर हमला किया। इन सभी पहलुओं की जांच की जाए। वन विभाग की टीम ने 23 फरवरी को गुलदार को मार गिराया था। वन विभाग की ओर से बताया गया कि यह गुलदार दो दिन में नौ लोगों पर हमला कर चुका था। इनमें पांच महिलाएं और चार वनकर्मी शामिल थे। वन विभाग की ओर से कहा गया कि गुलदार को आत्मरक्षा में मारा गया, जबकि सोशल मीडिया में गुलदार को मारने का जो वीडियो वायरल हो रहा, उसमें आत्म रक्षा वाली बात सामने नहीं आ रही है। ऐसे में कुछ लोगों का कहना है कि गुलदार को मारने के बजाए उसे ट्रंकुलाइज किया जा सकता था। उधर विधायक विनोद कंडारी का कहना है कि गुलदार को जनहित में मारा गया। गुलदार क्षेत्र में कई लोगों को घायल कर चुका था।

# अंकिता हत्याकांड: केस ट्रांसफर पर सुनवाई पूरी

पौड़ी (उद संवाददाता)। अंकिता हत्याकांड के मुख्य आरोपी पुलकित आर्य ने अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कोटद्वार से केस को सत्र न्यायाधीश पौड़ी की अदालत में ट्रांसफर किए जाने के लिए अदालत में स्वयं अपना पक्ष रखा। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। फैसला सुनाने के लिए अदालत ने एक मार्च की तिथि नियत की है। सोमवार को मामले में अदालत में सुनाई हुई, जिसमें केस ट्रांसफर प्रार्थना पत्र अपना पक्ष रखने के लिए पुलकित आर्य जिला कारागार चमोली से पौड़ी पहुंचा। जहां सुनाई के दौरान पुलकित आर्य ने कहा कि अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कोटद्वार में मुझे निष्पक्ष न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है। बीते 20 अप्रैल 2022 को अदालत में खुशराज द्वारा स्वयं को अभिनव कश्यप का भाई बताते हुए गवाही दी, जबकि वास्तव में पुलिस ने एक महिला को पुरुष के वेश में खुशराज बता असली पहचान छुपा गवाही कराई गई थी। इस दौरान अदालत में बचाव पक्ष के अधिवक्ता को बोलने तक का मौका नहीं दिया गया था। आर्य ने अंकिता के पिता पर न्यायालय परिसर में गवाही के लिए आते-जाते समय



अभद्र टिप्पणी किए जाने का आरोप लगाया। पुलकित ने कहा कि अदालत में धारा-302 से संबंधित कई मुकदमे लंबित हैं, लेकिन हमारे केस में जल्द तारीख लगा दी जा रही है। अदालत में आर्य ने पुलिस व प्रशासन की मौजूदगी में जानलेवा हमला किए जाने, रिजॉर्ट तोड़ जाने, मुकदमे से अधिवक्ता हटाए जाने व फैक्ट्री में आग लगाए जाने की बात भी कही। मृतका का कमरा तोड़कर साक्ष्यों को नष्ट करने का काम किया गया, लेकिन कानूनी दृष्टि से शासन-प्रशासन की इस कार्रवाई में किसी को आरोपी नहीं बनाया गया। यह मेरे खिलाफ एक पक्षीय कार्रवाई है। अभियोजन पक्ष से जिला शासकीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार भट्ट ने बताया कि प्रार्थना पत्र में दिए गए केस ट्रांसफर के तथ्य आधारहीन हैं। अभियोजन पक्ष द्वारा पहले केस ट्रांसफर के लिए दायर की गई याचिका भी अदालत खारिज कर चुकी है। सत्र न्यायाधीश पौड़ी अजय चौधरी की अदालत ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखते हुए सुनवाई की तिथि एक मार्च नियत की है।

# एकीकरण की मांग को लेकर कर्मचारियों का धरना जारी

बागेश्वर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड पेयजल निगम और उत्तराखंड जलसंस्थान का एकीकरण, राजकीयकरण की मांग तेज हो गई है। अपनी मांगे आशावशन मिलने के बाद भी सरकार और शासन द्वारा पूरी नही के कारण उन्होंने एक महीने तक अपना आंदोलन स्थगित रखा, लेकिन उनके साथ फिर से वादाखिलाफी हो रही है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जल निगम, जलसंस्थान संयुक्त मोर्चा ने जल निगम कार्यालय पर धरना दिया।



करने से कर्मियों ने उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। नाराज कर्मचारियों ने सोमवार को भी धरना दिया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि पूर्व में हुए समझौते अधिकारी, कर्मचारी संयुक्त समन्वयक मोर्चा के जिला संयोजक कैलाश सिंह राणा ने कहा कि सरकार के ढुलमुल रवैये के कारण पेयजल निगम और जलसंस्थान का एकीकरण नहीं हो सका है। यह मांग लंबे समय से शासन स्तर पर विचाराधीन है, जबकि देश के लगभग 24 राज्यों में पेयजल और सीवरेज व्यवस्था के लिए राजकीय एकीकृत विभाग स्थापित हैं, जबकि उत्तराखंड में पेयजल की बहुल व्यवस्था होने के कारण जहां एक ओर विभागों में आपसी सामंजस्य का अभाव है, वहीं आम जन मानस में भ्रम की स्थिति रहती है। पेयजल योजना के निर्माण, क्रियान्वयन, रखरखाव आदि के लिए वह दोनों विभाग से संपर्क करते हैं। इस दौरान अधिशाषी अभियंता वीके रवि सहायक अभियंता बिशन सिंह रौतेला संयोजक कैलाश सिंह राणा, प्रांतीय तकनीकी अध्यक्ष कुशाल सिंह रावत, चंदन सिंह प्रकाश बोरा, नंद्र, चंद्रा देवी, मनोज, जय शंकर राणा, सुभाक्षण खंडूरी, शिव शंकर राणा, संदीप कुमार, कुशल सिंह, अनिल, नसीम मोहम्मद तथा किशोर पंत आदि उपस्थित थे।

# मदाताओं को जागरूक करने के निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने वर्चुअल बैठक लेते हुये सभी मतदाओं को जागरूक करते हुये शत-प्रतिशत मतदान कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि चुनाव का पर्व देश का गर्व है इसमे सभी की शत-प्रतिशत भागीदारी होनी चाहिये। उन्होंने कहा शत-प्रतिशत मतदान कराने के लिये मैपिंग करे व दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं का शत-प्रतिशत मतदान कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्वीप अभियान चलाकर मदाताओं को जागरूक करते हुये शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया जाये, इसके लिये स्वयं सहायता समूहों, आशा/आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, युवक मंगल दलों, स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा भी ब्लॉक व ग्राम स्तर तक मतदाता जागरूकता अभियान चलाये जाय। उन्होने कहा उद्योग विभाग, सिडकुल, श्रम विभाग सभी उद्यमियों, उद्योगों में कार्यरत कार्मिको, श्रमिकों को शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करेंगें। उन्होने कहा कि जल संस्थान, विद्युत विभाग अपने उपभोगताओं को वितरित



किये जाने वाले बिल में भी मतदान से सम्बन्धित प्रेरित करने वाले स्लोग छपा कर प्रचार-प्रसार करेंगें। उन्होने कहा कि स्कूल, कॉलेजों में भी युवाओं को मतदान हेतु प्रेरित करेंगें तथा बच्चे अपने-अपने अभिभावकों को मतदान हेतु जागरूक कर प्रेरित करेंगें। सभी बैंकर्स अपने बैंको में पोस्टर, पम्पलेट के माध्यम से अपने खातेदारा/ग्राहकों को मतदान हेतु जागरूक करेंगें। उन्होने सभी कर्मचारियों/अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे भी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुये शत-प्रतिशत मतदान करना सुनिश्चित करेंगें। वीसी के दौरान मुख्य विकास अधिकारी/नोडल स्वीप मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी मौजूद थे।

# पत्रकारों का आंदोलन कल तक के लिए स्थगित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खटीमा में पत्रकार दीपक यादव और उनके नाबालिग पुत्र के साथ पुलिस द्वारा की गयी मारपीट और बदसलूकी के मामले में पुलिस ने पत्रकारों को समझौता वार्ता के लिए आमंत्रित किया है जिसके बाद पत्रकारों ने आंदोलन फिलहाल बुधवार तक के लिए स्थगित कर दिया है। मामले को लेकर बुधवार दोपहर एक बजे खटीमा में पुलिस अधिकारियों के साथ पत्रकारों की वार्ता होगी। बता दें बीते दिनों खटीमा में पत्रकार दीपक यादव के नाबालिग पुत्र का कुछ बच्चों के साथ विवाद हो गया था। सूचना मिलने पर पत्रकार दीपक यादव वहां पहुंचे ही थे तभी चौकी इंचार्ज संदीप पिलखवाल भी वहां आ गये। आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने पत्रकार दीपक यादव और उनके पुत्र के साथ गालीगलोच करते हुए मारपीट की और उन्हें हवालात में डाल दिया। कोतवाली में भी उनके साथ ज्यादती की गयी। साथी पत्रकारों को उनसे मिलने तक नहीं दिया गया। यही नहीं पत्रकार की स्कूटी को घर से जबरन मंगवाकर स्कूटी को सीज कर दिया गया और 25 हजार का चालान भी काट दिया। इस मामले में पत्रकार प्रेस परिषद के कुमांऊ प्रभारी



अशोक गुलाटी के नेतृत्व में पत्रकारों सीओ को ज्ञापन सौंपकर चौकी इंचार्ज के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। साथ ही एसडीएम के माध्यम से एक ज्ञापन सीएम को भी प्रेषित किया था। साथ ही जिला मुख्यालय पर एसएसपी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन का भी ऐलान किया था। मंगलवार को ही इस मामले में विवादित चौकी इंचार्ज के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की भी तैयारी की गयी थी। इसके अलावा हल्द्वानी, गदरपुर, काशीपुर समेत कई स्थानों पर भी पुलिस के खिलाफ धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम प्रस्तावित था। विरोध के स्वर मुखर होते देख अब खटीमा पुलिस के अधिकारियों ने पत्रकारों को समझौता वार्ता के लिए आमंत्रित किया है और विवादित दरोगा के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया है। पत्रकारों ने मामले कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी। पत्रकारों के शिष्ट मण्डल ने मामले को लेकर मंगलवार को देहरादून में मुख्यमंत्री से मिलने का समय निर्धारित किया था। जिसके बाद पत्रकारों का आंदोलन फिलहाल बुधवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। पत्रकार प्रेस परिषद के कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी ने बताया कि खटीमा पुलिस ने बुधवार दोपहर एक बजे वार्ता के लिए पत्रकारों को बुलाया है। उन्होंने कहा कि पुलिस से वार्ता करने से पूर्व दोपहर बारह बजे खटीमा में पत्रकारों की बैठक बुलायी गयी है, जिसमें अगली रणनीति पर विचार विमर्श किया जायेगा। बैठक में सभी पत्रकारों की सहमति से जो भी निर्णय लिया जायेगा उसकी के तहत अगला कदम उठाया जायेगा। उन्होंने कहा कि विवादित चौकी इंचार्ज के खिलाफ कार्रवाई सहित कुछ अन्य मांगें भी पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखी जायेगी। जिस पर सहमति बनती है तो आंदोलन समाप्त किया जायेगा अन्यथा मामले को लेकर कुमांऊ भर में आंदोलन किया जायेगा।

# हेमंत व जितेंद्र भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट की संस्तुति एवं जिला प्रभारी कैलाश शर्मा व जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट की सहमति के पश्चात हेमन्त भट्ट और जितेन्द्र प्रसाद आर्या को जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन पर विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत,





प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र सिंह बिष्ट, दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट, मण्डल समिति अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बेला तौलिया, गजराज सिंह बिष्ट, हेमन्त द्विवेदी, नवीन भट्ट, रंजन सिंह बर्गली, प्रदीप सिंह बिष्ट, प्रदीप जनौटी, कमल नयन जोशी, कैलाश भगत, चन्दन टनवाल, चन्दन सिंह बिष्ट, रवि कुरिया, भुवन भट्ट, प्रमोद तौलिया, लाखन निगल्टिया, नितिन राणा आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# प्रदेश के 25 हजार उपनल कर्मियों का 10 प्रतिशत मानदेय बढ़ा, शासदनादेश जारी

देहरादून। उत्तराखंड के 25 हजार उपनल कर्मचारियों का 10 प्रतिशत मानदेय बढ़ाया गया है। वित्त विभाग से इसकी मंजूरी मिलने के बाद आज शासन ने इसके आदेश जारी कर दिए। प्रदेश के उपनल कर्मचारी पिछले काफी समय से हर साल 20 प्रतिशत मानदेय बढ़ाने सहित कई मांगों पर अमल की मांग कर रहे थे। लंबित मांगों को लेकर कर्मचारी बीते दिनों आठ दिन कार्य बहिष्कार पर रहे। कर्मचारियों का कहना था कि सरकार मंत्रिमंडल की उप समिति की रिपोर्ट को लागू करे। सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में जो एसएलपी दाखिल की गई है, उसे वापस लेकर हाईकोर्ट के आदेश पर अमल किया जाए। किसी भी उपनल कर्मचारी की सेवा समाप्त न की जाए। उपनल कर्मचारी की मौत पर मृतक आश्रितों को नौकरी दी जाए। इस मामले में सीएम पुष्कर सिंह धामी से 10 प्रतिशत मानदेय बढ़ाने एवं अन्य मांगों के लिए समिति गठित करने के आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने आंदोलन स्थगित किया था। जबकि पूर्व सीएम हरीश रावत ने भी उपनल कर्मियों का समर्थन देकर राज्य सरकार से शीघ्र मांगों पर कदम बढ़ाने की अपील की थी।

# युवक ने नैनी झील में कूद मारकर दी जान

नैनीताल। पिथौरागढ़ निवासी युवक ने रविवार देर शाम नैनीझील में कूद मार दी। स्थानीय लोगों ने युवक को झील से निकालकर अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मृतक के परिजनों के नैनीताल पहुंचने का इंतजार है। पुलिस के अनुसार बलवाकोट पिथौरागढ़ निवासी नवीन उर्फ नब्बू (20) नैनीताल में होटल में काम करता था। कुछ दिन पहले ही वह घर से लौटा था। बताया जाता है कि रविवार देर शाम नवीन यहां कैनेडी पार्क स्थित बोट स्टैंड के पास खड़ा था। अचानक उसने नैनीझील में छलांग लगा दी। इस दौरान वहां से गुजर रहे कुछ स्थानीय लोगों ने युवक को डूबते देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने किसी तरह युवक को झील से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान होने के बाद पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। कोतवाली के एसआई अविनाश मौर्य ने बताया कि परिजनों के नैनीताल पहुंचने पर पोस्टमार्टम की कार्रवाई होगी। युवक ने झील में छलांग क्यों लगाई इसके बारे में खबर लिखे जाने तक जानकारी नहीं मिल सकी थी।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# राज्यसभा सांसद और संगठन मंत्री से मिले चुघ

रुद्रपुर( उद संवाददाता) ।देहरादून में भाजपा चुनाव प्रबंधन की बैठक आयोजित की गई। प्रदेश कार्यालय में हुई इस बैठक में राज्य भर के भाजपा पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस बैठक में भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने भी शिरकत की। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट व संगठन महामंत्री अजेय कुमार से मुलाकात की व विभिन्न मुद्दों पर उनसे चर्चा की। श्री चुघ ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को राज्यसभा सांसद मनोनीत होने पर केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए श्री भट्ट को शुभकामनाएं दी। चुघ ने कहा कि केंद्र सरकार आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर प्रतिबद्ध है और ऐसे में अब ऐसे कर्मठ और जिम्मेदार पार्टी के लोगों को राज्यसभा भेजा जा रहा है ताकि संगठन और पार्टी ओर मजबूती से कार्य कर सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भी केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी और देश का नेतृत्व पुनः



पीएम मोदी के हाथों में होगा ।उन्होंने कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चौमुखी विकास कर रही है और उत्तराखंड राज्य भी इससे अछूता नहीं है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में ऐतिहासिक फैसला लिया गया और यूसीसी कानून लागू कर दिया गया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने भाजपा 370 और एनडीए 400 पार का नारा दिया है जो इस बार सार्थक होगा। बूथ से लेकर हर स्तर पर कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी को जिताने का काम करेंगे। उन्होंने राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट व संगठन महामंत्री अजेय कुमार को बधाई दी। और कहा कि पार्टी व संगठन की तरफ से उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंप गई है वह उसका ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने लोकसभा चुनाव का दायित्व सौंपे जाने पर जाने पर पर संगठन व पार्टी के तमाम आला नेताओं का आभार जताया।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# पुलिस ने फायरिंग करने के मामले में तीन लोगों को किया गिरफ्तार

बाजपुर। पुलिस ने महोली जंगल फायरिंग में नामजद छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष अमन बसंल सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बीते मंगलवार को गांव महोली जंगल में छात्र संघ चुनावी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच मारपीट और फायरिंग हो गई थी। जिसमें पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीरों पर 26 नामजद सहित अन्य लोगों के खिलाफ केलाखेड़ा थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस चार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। उसके बाद नामजद ओर उनके समर्थक भूमिगत हो गए। केलाखेड़ा थाना प्रभारी ललित मोहन रावल ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर यूपी के रामपुर स्वार मार्ग पर दबिश देकर एक स्थान से कुलविंदर सिंह उर्फ गोनी रंधावा निवासी महोली जंगल, अमन बंसल निवासी संजय कॉलोनी, प्रदीप कुमार यादव निवासी मझरा बक्श चीनी मिल कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया। टीम में बेरिया दौलत पुलिस चौकी इंचार्ज देवेंद्र मेहता, एसआई संजय बोरा, एसआई मुकेश चंद, जगदीश, महेंद्र, रविंद्र शामिल रहे।



# तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी सवार युवक को रौंदा, मौत

पंतनगर। नगला बाईपास में तेज रफ्तार डंपर ने एक स्कूटी सवार को रौंद दिया और उसे स्कूटी सहित लगभग पांच सौ मीटर तक घसीटता ले गया। हादसे में लालकुआं निवासी स्कूटी सवार की मौत हो गई। सोमवार शाम चार बजे बाजपुर चौराहा दवाई फार्म बिंदुखत्ता लालकुआं निवासी जगदीश सिंह (47) स्कूटी पर किच्छा से लालकुआं की ओर जा रहे थे। नगला बाईपास पर किच्छा से रुद्रपुर की ओर मिट्टी लादकर तेज गति में जा रहे डंपर ने स्कूटी को टक्कर



मार दी। डंपर के पहियों में फंसी स्कूटी लगभग छह सौ मीटर तक घसीटते हुए चली गई। हादसे में स्कूटी सवार जगदीश की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने पीछा कर डंपर आधा किलोमीटर दूर रोक लिया और चालक की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया। जगदीश के परिवार में एक बेटी और तीन बेटे हैं। वह पने छोटे बेटे को बेटी के यहां छोड़कर घर लौट रहे थे। एसएचओ आरएस डांगी ने बताया कि मामले में तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# रूद्रपुर रोडवेज परिसर में शुद्ध पानी के लिए लगाया आरओ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। स्थानीय रोडवेज परिसर में यात्रियों के साथ ही आम जनता को आरओ का शुद्ध पानी पीने को मिलेगा। कोरो मंडल कंपनी की ओर से परिवहन निगम को करीब सवा लाख रुपए कीमत का दस हजार लीटर का आरओ भेंट किया गया। एआरएम केएस राणा ने इसका शुभारंभ करते हुए बताया कि रोडवेज परिसर में लगे फ्रीजर को आरओ से जोड़ा गया है। परिसर



में आने वाले यात्रियों को फ्रीजर से निकलने वाला पानी अब आरओ से फिल्टर होकर शुद्ध रूप में मिलेगा। इस दौरान कंपनी के प्रबंधक दीपक, प्रीतविंदर सिंह, राजू श्रीवास्तव, सुनील बिष्ट, दीवान लाल, ओम प्रकाश तिवारी, राजेश मोहन जोहरी, ललित प्रसाद, प्रताप सिंह, रंजीत कौर, सूरज पाल सिंह, महेंद्र सिंह, कमल जोशी, ललित कुमार, शोएब अख्तर व सुरेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

# जिला चिकित्सालय को डस्टबिन किए भेंट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सी आई ई आटोमोटिव इंडिया लिमिटिड द्वारा जवाहर लाल नेहरू राजकीय चिकित्सालय को गीला एवम सूखा कूड़ा निस्तारण किए जाने हेतू 15 डस्टबीन प्रदान किए गए। इस दौरान अस्पताल परिसर में सभी से स्वच्छता बनाये रखने की अपील की गई। इस अवसर पर प्रमुख अधीक्षक डाक्टर आरके सिंह, डा. यदुराज भट्ट, प्रबंधक डॉक्टर अजय वीर सिंह, डॉक्टर नागेंद्र चौधरी, डा. उदय शंकर, नर्सिंग अधीक्षक मंजू कैड़ा, नंदी व स्टाफ एवम सी आई ई आटोमोटिव इंडिया लिमिटिड से प्रकाश कार्की, पियूष साह, पंकज, ऋषभ राणा, मुकेश कुमार, कामकेश बानी, अमर पाल, डीएन भट्ट आदि मौजूद रहे।



जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# पिथौरागढ़ से पंतनगर के बीच हवाई सेवा शुरू

पंतनगर। हवाई सेवा प्रदाता कंपनी फ्लाई बिग ने दो फरवरी से देहरादून-पिथौरागढ़ के बीच व्यावसायिक हवाई सेवा शुरू करने के बाद पंतनगर के लिए भी सेवा शुरू कर दी है। रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट के प्रतिनिधि योगेश वर्मा ने दीप प्रज्वलित और फीता काटकर हवाई सेवा का शुभारंभ किया। सोमवार को फ्लाई बिग का विमान पिथौरागढ़ से नौ यात्रियों को लेकर पंतनगर पहुंचा। सोमवार को फ्लाई बिग का 19 सीटर विमान नौ यात्रियों को लेकर पिथौरागढ़ से 13.05 बजे उड़ान भरकर 13.55 बजे पंतनगर पहुंचा। इसके बाद यह विमान 14.50 बजे पंतनगर से पांच यात्रियों को लेकर पिथौरागढ़ के लिए रवाना हुआ। बताया जा रहा है कि व्यापक प्रचार-प्रसार न होने के कारण पहले दिन यात्रियों की संख्या कम रही। इसके आगे बढ़ने की पूरी संभावना है। देहरादून- पिथौरागढ़-पंतनगर के बीच शुरू हुई यह हवाई सेवा क्षेत्रीय उड़ान योजना के तहत है। इसमें टिकट का 60 प्रतिशत किराया यात्री, जबकि 40 प्रतिशत किराया प्रदेश सरकार वहन करेगी। इसके चलते यात्रियों को पंतनगर से पिथौरागढ़ के बीच मात्र 999 रुपये (विभिन्न कर अलग से) खर्च करने पड़ेंगे और यह दूरी मात्र 50 मिनट में तय की जा सकेगी। फिलहाल यह हवाई सेवा यात्रियों को सप्ताह के छह दिन (बृहस्पतिवार को छोड़कर) मिलेगी। दून- पिथौरागढ़-पंतनगर हवाई सेवा का शेड्यूल: एफएलजी-301 देहरादून 10.30 पिथौरागढ़ 11.45 एफएलजी-302 पिथौरागढ़ 12.15 पंतनगर 13.05 एफएलजी-303 पंतनगर 14.05 पिथौरागढ़ 15.05 एफएलजी-304 पिथौरागढ़ 15.45 देहरादून 17.00 रखा गया है। सुमित सक्सेना, निदेशक पंतनगर एयरपोर्ट ने कहा कि पिथौरागढ़ के बाद पंतनगर के लिए भी सोमवार से हवाई सेवा शुरू हो गई है। इसके शुरू होने से सीमांत के यात्रियों को तो लाभ होगा ही कुमाऊं में पर्यटन को पंख लगेंगे। उड़ान योजना के तहत शुरू हुई यह हवाई सेवा अभी यात्रियों को सप्ताह में छह दिन मिलेगी।

# रेलवे मालगोदाम श्रमिक संघ श्रमिकों के हितों के लिए प्रतिबद्धः मनोरंजन कुमार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारतीय रेलवे मालगोदाम श्रमिक संघ के राष्ट्रीय प्रभारी मनोरंजन कुमार ने जारी बयान में कहा कि भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ श्रमिकों को उनका हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग श्रमिकों के हौंसले तो तोड़ने का काम कर रहे हैं ऐंसे लोगों से श्रमिकों को सावधान रहने की जरूरत है। उन्होनें कहा भारतीय रेलवे मालगोदाम श्रमिक संघ एक ट्रैड यूनियन है जो 1998 से रेलवे माल गोदाम पर कार्यरत लोडिंग अनलोडिंग करने वाले श्रमिकों के हक-अधिकार कि लड़ाई लड़ती आ रही है। संगठन ने आजाद भारत में पहली बार रेलवे माल गोदाम के श्रमिको के हक अधिकार के लिए बैठक की थी जिसमें माल गोदाम के श्रमिको को पहली बार रेलवे द्रारा मुलभुत सुविधाएँ एवं श्रम मंत्रालय द्रारा सामाजिक सुरक्षा देने का प्रस्ताव पारित हुआ । सरकारी सामाजिक सुरक्षा रेलवे माल गोदाम के लोगों तक पहुचाने के लिए देश के राजधानी में भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ के नेतृतव में इन श्रमिकों ने 2004 से 2007 तक धरना प्रदर्शन, जेल भरो आंदोलन, रेलवे माल गाड़ी का चक्का जाम जेसे कई आंदोलन किये, जिसका परिणाम स्वरूप स्वरूप "असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा कानून 2008" का लाभ आज भी पूरा देश उठा रहा है। वर्तमान समय में श्रमिक संघ के अभिभावक जगदंबिका पाल जी नेतृत्व में भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, रेलवे बोर्ड अध्यक्षा जया वर्मा सिन्हा के साथ लगातार बैठक कर रेलवे बणिज्यिक परिबहन व माल गोदाम श्रमिकों कि उन्नति के लिए बेहतर नीति तैयार कर रहा है। जिसकी आवाज संसंद भवन तक भी गुंजी है। रेलवे माल गोदाम के मजदूरो की बेहतरी के लिए, उनके आर्थिक एवं सामाजिक मजबूती के लिए श्रमिक संघ ने सड़क से लेकर संसद तक उनकी आवाज को बुलंद किया परिणाम स्वरुप उनको अधिकार मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

# सरकार ने बनाया सशक्त और विकसित उत्तराखंड का रोडमैप

## बजट अभिभाषण में राज्यपाल ने बताये सरकार के संकल्पः प्रदेश की मातृ शक्ति, युवा शक्ति और पूर्व सैनिकों की भागीदारी से उत्तराखंड श्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी में खड़ा होगा

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने अभिभाषण में 2025 तक उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और सशक्त उत्तराखंड का विजन रखा। राज्यपाल ने बजट सत्र के अभिभाषण में कहा कि विकसित उत्तराखंड की परिकल्पना नहीं, हमारा संकल्प है। प्रदेश की मातृ शक्ति, युवा शक्ति और पूर्व सैनिकों की भागीदारी से उत्तराखंड श्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी में खड़ा होगा। सोमवार को राज्यपाल के अभिभाषण से बजट सत्र का आगाज हुआ। 11 बजे राष्ट्रगान के बाद राज्यपाल ने अभिभाषण शुरू किया। 16 पेज के अभिभाषण को राज्यपाल ने 50 मिनट में पढ़ा। अभिभाषण के दौरान विपक्ष ने कोई हंगामा नहीं किया और शांति से अभिभाषण को सुना। राज्यपाल ने कहा, सशक्त उत्तराखंड के लिए प्रदेश सरकार ने 2023-24 में नए आयाम स्थापित किए हैं। कहा, समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को मंजूरी देकर उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना है। जिसमें जाति, धर्म, क्षेत्र और लिंग के आधार पर भेद करने वाले व्यक्तिगत नागरिक मामलों से संबंधित सभी कानूनों में एकरूपता लाई गई। सभी धर्म व समुदाय की महिलाओं को विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता और संपत्ति





### सरकार जनकल्याण एवं सर्वांगीण विकास को समर्पित : धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्यपाल से भेंट कर कहा कि विधानसभा में बजट सत्र की शुरुआत आदरणीय राज्यपाल ले.जनरल गुरमीत सिंह जी के अभिभाषण से हुई। माननीय राज्यपाल महोदय ने अपने अभिभाषण में प्रदेश सरकार द्वारा राज्यहित में लिए गए निर्णयों, जनकल्याण एवं सर्वांगीण विकास को समर्पित विभिन्न नीतियों की प्रशंसा की। उत्तराखण्ड के समग्र विकास को लेकर हमारी सरकार तेज गति से कार्य कर रही है। राज्य के प्रत्येक वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने अनेक जनकल्याणकारी निर्णय लेने का कार्य किया है। निश्चित तौर पर यह बजट सत्र भी उत्तराखण्ड के विकास के दृष्टिगत अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगा। सीएम ने विधानसभा में बजट सत्र से पहले माननीय विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूरी एवं नेता प्रतिपक्ष श्री यशपाल आर्य से भेंट की।

में समान अधिकार देकर सशक्त बनाया गया है। कहा, आगामी पांच वर्ष में उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए सशक्त उत्तराखंड क्रियान्वयन योजना तैयार की गई। राज्य की आर्थिकी को बढ़ाने और विकास के त्वरित गति के लिए उत्तराखंड अवस्थापना निवेश विकास बोर्ड का गठन किया गया है। इस बोर्ड के माध्यम से पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप परियोजनाओं की पहचान, व्यावहारिकता, गैप फंडिंग, मार्केटिंग आधारभूत संरचना के कार्य किए जाएंगे। कहा, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होटल, मोटल, रोपवे, थीम पार्क को निजी क्षेत्र में विकसित के लिए निवेशकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। नई पर्यटन नीति में रोजगार और आधुनिक पर्यटन सुविधाएं विकसित करने के लिए 50 से 100 प्रतिशत तक सब्सिडी का प्रावधान है। तीर्थाटन और साहसिक पर्यटन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कहा, प्रदेश में जायरोकॉप्टर, फिक्स्ड विंग और स्काईगेजिंग को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू करने की तैयारी है। आदि कैलाश व ओम पर्वत के लिए हेली सेवा शुरू करने को पिथौरागढ़ के गुंजी, नाबिढांग, जौलिंगकोंग हेलीपैड बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। आयुष विभाग की ओर से देश की पहली योग नीति तैयार की जा रही है। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत 48 पौराणिक मंदिरों को चयनित किया गया है। पहले चरण में 16 मंदिरों में अवस्थापना विकास के कार्य किए जा रहे हैं। अप्रैल 2024 से भारत गौरव मानसखंड एक्सप्रेस देश के कई स्थानों से काठगोदाम, टनकपुर स्टेशन के लिए संचालित की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशानिर्देश पर बदरीनाथ धाम को स्मार्ट स्प्रिच्युअल हिल टाउन के रूप में विकसित किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा, विद्या समीक्षा केंद्र स्थापित करने में गुजरात और गोवा के बाद उत्तराखंड देश का तीसरा राज्य है। इसके माध्यम से छात्र और शिक्षकों की रियल टाइम उपस्थिति दर्ज हो रही है। वर्तमान में 11 हजार स्कूल, 37 हजार शिक्षक, 8.31 लाख बच्चों में से 5.26 लाख से अधिक बच्चों की रियल टाइम उपस्थिति दर्ज की जा रही है। पर्यावरण संरक्षण के लिए सौर ऊर्जा में उत्तराखंड को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नई सौर नीति लागू की गई है। इस नीति में आगामी पांच वर्षों में 2500 मेगावाट सौर ऊर्जा का लक्ष्य रखा गया।

# प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाओं और पॉलिटेक्निक संस्थानों में व्यावसायिक शिक्षा मिशन शुरू

## प्रदेश के 11 जिलों में अनाज वितरण के लिए डोर स्टेप डिलीवरी की व्यवस्था

देहरादून। नागरिक सेवाओं को घर तक उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम देहरादून के 100 वार्डों में पायलट प्रोजेक्ट पर डोर स्टेप डिलीवरी लागू की गई है। योजना की सफलता के आकलन के बाद प्रदेश के सभी जिलों में इसे लागू किया जाएगा। राज्यपाल ने अभिभाषण में कहा, राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार अस्पतालों का उच्चीकरण, डॉक्टरों की उपलब्धता के लिए प्रयास कर रही है। राजकीय मेडिकल कॉलेज दून, श्रीनगर और हल्द्वानी से पासआउट 350 बॉन्डधारी एमबीबीएस डॉक्टरों को पर्वतीय क्षेत्रों के दुर्गम क्षेत्रों में तैनात किया गया है। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए ऊधमसिंह नगर जिले में एम्स ऋषिकेश के सेटेलाइट सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है। राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के नेत्र रोग विभाग में आई बैंक व कॉर्निया प्रत्यारोपण केंद्र स्थापित किया गया। मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम के तहत रजिस्ट्रेशन के बाद नेत्र प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू की गई। राज्य के 25 साल पूरे करने पर सरकार ने दृष्टिपत्र तैयार किया है। इसके तहत प्रदेश के पॉलिटेक्निक संस्थानों में वीरचंद्र सिंह गढ़वाली व्यावसायिक शिक्षा मिशन शुरू किया गया। इसमें युवाओं के लिए रोजगारपरक सर्टिफिकेट कोर्स का संचालन किया जा रहा है। सहकारिता क्षेत्र में अनाज भंडारण के लिए देहरादून जिले के सहसपुर में 500 मीट्रिक टन क्षमता का गोदाम का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा विश्व खाद्य कार्यक्रम के तहत नैनीताल जिले के रामनगर में देश का पहला 500 मीट्रिक टन क्षमता का फ्लो स्पेन अनाज गोदाम स्थापित किया गया। प्रदेश के 11 जिलों में अनाज वितरण के लिए डोर स्टेप डिलीवरी की व्यवस्था लागू की गई। प्रदेश में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में कुक्कुट वैली और ब्रायलर फार्म स्थापित किए जा रहे हैं। पशुचारे की कमी को दूर करने के लिए चारा नीति लागू की गई है। प्रदेश सरकार ने आबकारी से प्राप्त होने वाले सेस शुल्क से लावारिस गोवंश के भरण पोषण का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत राज्य के 385 गांव चयनित किए गए हैं। इसमें 98 गांवों को आदर्श ग्राम घोषित किया गया है। बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना के तहत प्रदेश के अल्मोडा, नैनीताल व देहरादून में अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास बनाए जा रहे हैं। उत्तरकाशी व देहरादून में वृद्धाश्रम का निर्माण किया गया है। उच्च शिक्षा में शोध को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री शोध प्रोत्साहन योजना शुरू की गई है। इसके तहत शोधार्थियों को शोध कार्य के लिए अनुदान दिया जाएगा। अल्पसंख्यक वर्ग की 10वीं और 12वीं परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली मेधावी बालिकाओं के लिए प्रोत्साहन योजना चलाई गई है, जिसमें 25 हजार तक अनुदान दिया जा रहा है।

# फिल्म निर्माताओं और निर्देशकों को भा रही उत्तराखंड की खूबसूरत वादियां

## 38वें राष्ट्रीय खेलों की मिली मेजबानी

देहरादून। देश-दुनिया के फिल्म निर्माताओं और निर्देशकों को उत्तराखंड की खूबसूरत वादियां भा रही हैं। एक साल में 1500 से ज्यादा फिल्म, धारावाहिक और वेब सीरीज की शूटिंग हुई है। राज्यपाल ने अभिभाषण में बताया, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग की ओर से फिल्म निर्माताओं की सुविधा के लिए आकर्षक फिल्म नीति लागू की गई है। इसके तहत राज्य में शूटिंग के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। वर्ष 2023-24 में फिल्म शूटिंग के लिए सिंगल विंडो के माध्यम से करीब 146 फिल्म निर्माताओं को अनुमति दी गई है। इस साल 1500 से अधिक फिल्मों, धारावाहिकों व वेब सीरीज की शूटिंग हुई है। राज्य में फिल्मों की शूटिंग के लिए अनुकूल वातावरण के चलते छह साल में तीन बार राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार मिला है। प्रदेश में 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां तेज हो गई हैं। वहीं, युवक-महिला मंगल दलों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए युवक मंगल दल स्वावलंबन योजना संचालित हो रही है। राज्यपाल ने अभिभाषण में बताया, मुख्यमंत्री ग्रामीण खेलकूद एवं स्वास्थ्य संवर्धन योजना के तहत हर विकासखंड में खेल प्रशिक्षक के तहत कुल 95 खेल प्रशिक्षक तैनात किए गए हैं। राज्य को वर्ष 2024 में 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी मिली है। इस क्रम में इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। खिलाड़ियों के लिए खेल प्रशिक्षण शिविर संचालित हो रहे हैं। खेल प्रशिक्षकों के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है।

# टनकपुर, काशीपुर और कोटद्वार रेलवे स्टेशन होंगे विकसित, मिलेंगी हाईटेक सुविधाएं

देहरादून। उत्तराखंड के टनकपुर, काशीपुर और कोटद्वार रेलवे स्टेशन का 40 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे 554 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास योजना का वर्चुअल शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री ने नया कीर्तिमान बनाया



है। सोमवार को देहरादून स्थित विधानसभा भवन से वर्चुअल शामिल हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इन तीनों रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास से कुमाऊं क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी को मिलने के साथ ही लोगों को स्टेशन पर अत्याधुनिक सुविधाएं भी मिल सकेंगी। कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हम भारतीय रेल के स्वर्णिम युग की ओर बढ़ रहे हैं और भारतीय रेलवे को नए भारत की आकांक्षाओं एवं आत्मनिर्भर भारत की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार किया जा रहा है। कहा, आज जहां एक ओर ब्रॉड गेज रेल लाइनों से मानव रहित रेल क्रॉसिंग को खत्म कर रेलवे को पहले से कहीं अधिक सुरक्षित बनाया गया है, तो भारतीय रेलवे की रफ्तार भी पहले से कहीं अधिक बढ़ चुकी है। कहा, आत्मनिर्भरता और आधुनिकता के प्रतीक चिह्न के रूप में वंदे भारत जैसी मेड इन इंडिया ट्रेनें रेल नेटवर्क का हिस्सा बन रही हैं। कहा, देश के अछूते हिस्सों को रेल नेटवर्क से जोड़ने का काम भी तेजी से चल रहा है। उत्तराखंड में आज पहाड़ तक ट्रेन पहुंचाने का सपना सच होने जा रहा है। पीएम की दूरदर्शिता और स्पष्ट विजन से ही आज ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेललाइन का 50 फीसदी से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। कहा, प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड को भी देहरादून से आनंद विहार के मध्य वंदे भारत ट्रेन के संचालन की सौगात दी है। आज रेल आधुनिक हो रही है, सुविधाओं को विश्वस्तरीय बनाया जा रहा है। रेलवे स्टेशन मॉडर्न विजन के साथ विकसित किए जा रहे हैं, लेकिन इस विकास के बीच भी, हमने अपनी संस्कृति और विरासत को कतई नहीं भुलाया है, जिसको ध्यान में रखते हुए जिन स्टेशनों के पुनर्विकास की नींव आज रखी गई है, उन्हें स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला के आधार पर विकसित किया जाएगा। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

# गुलदारों के आतंक पर मुख्यमंत्री ने वन अधिकारियों को लगाई कड़ी फटकार

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में बाघ और तेंदुओं के हमलों की बढ़ती घटनाओं पर वन अधिकारियों को तलब किया और उन्हें जमकर फटकार लगाई। उन्होंने चीफ वाइल्ड



लाइफ वार्डन समीर सिन्हा को ताकीद किया कि वे फील्ड में जाकर हालात पर नजर रखें और सख्त कार्रवाई करें। साथ ही वन अधिकारियों के विदेश दौरों पर रोक के आदेश दिए। राजधानी देहरादून में भी एक दिन पहले ही 10 साल के बच्चे को गुलदार ने अपना निवाला बनाया था। इस मामले में मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई है। मुख्यमंत्री धामी ने विधानसभा में स्थित अपने कार्यालय में ही विभागीय अधिकारियों को तलब किया। इस दौरान प्रमुख सचिव वन आरके सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक हॉफ अनूप मलिक और चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन समीर सिन्हा ने इस पूरी घटना की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। सीएम ने ऐसी घटनाओं को देखते हुए प्रमुख वन संरक्षक आरके सुधांशु को दैनिक रूप से मामलों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इसके अलावा चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन को भी खुद फील्ड में जाने के भी आदेश दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी दशा में जनहानि नहीं होनी चाहिए। इसके लिए जो भी जरूरी कदम हैं, उठाए जाएं और लोगों को जागरूक किया जाए। मानव वन्य जीव संघर्ष के लिए वन विभाग अलर्ट मोड पर काम करे। सीएम धामी ने प्रशिक्षित क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) को तत्काल फील्ड में भेजने के भी निर्देश दिए। उन्होंने वन अधिकारियों के विदेश दौरों पर भी रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं।

## दो बाघों को देहरादून के चिड़ियाघर भेजा

रामनगर। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला रेस्क्यू सेंटर में रखे गए दो बाघों को देहरादून भेज दिया गया। रविवार को देहरादून से टीम रामनगर पहुंची और सोमवार सुबह बाघों को लेकर देहरादून चिड़ियाघर के लिए रवाना हो गई। चीफ वाइल्ड वार्डन की अनुमति पर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला रेस्क्यू सेंटर से दो नर बाघों को देहरादून के चिड़ियाघर मालसी भेजा गया। सीटीआर निदेशक डॉ. धीरज पांडेय ने बताया कि दोनों बाघों का नियमानुसार स्वास्थ्य परीक्षण किया है जिसमें वह स्वस्थ थे। दोनों नर बाघों की उम्र 4-6 वर्ष के मध्य है। एक बाघ को कार्बेट टाइगर रिजर्व के सर्पदुली रेंज के अंतर्गत धनगढ़ी क्षेत्र से रेस्क्यू किया था। दूसरे बाघ को तराई पूर्वी वन प्रभाग के दानीबंगार क्षेत्र से रेस्क्यू किया था। बाघों को शिफ्ट करने के दौरान सीटीआर के वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दुष्यंत शर्मा, देहरादून जू के पशु चिकित्साधिकारी, रेंज अधिकारी, एसओजी टीम शामिल रही।

# भारत विकास परिषद के नरेश कंसल प्रदेश अध्यक्ष

## हरीश शर्मा महासचिव एवं दीपक अरोरा वित्त सचिव बने






रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद उत्तराखण्ड पूर्व की प्रान्तीय परिषद का प्रान्तीय सम्मान समारोह एवं प्रान्तीय कार्यकारिणी का चुनाव रामनगर के होटल में आयोजित किया गया। क्षेत्रीय चुनाव अधिकारी अजय विश्नोई, भगवान सहाय अग्रवाल, अजय अग्रवाल, आर०के० गुप्ता, श्रीमति पाला मेहता, प्रवीण अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात उत्तराखण्ड की विभिन्न शाखाओं से पधारे अध्यक्ष सचिवों ने साल भर में किये गये सेवा, संस्कार के कायक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भारत विकास परिषद के प्रान्तीय सम्मान समारोह में उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए शाखा हल्द्वानी को प्रथम पुरस्कार, काठगोदाम शाखा को द्वितीय पुरस्कार तथा रुद्रपुर शाखा को तृतीय पुरस्कार दिया गया। रामनगर, सितारगंज, खटीमा, रूद्रपुर, लालकुआँ शाखा उधमसिंहनगर शाखाओं को प्रोत्साहन पुरस्कार दिये गये। क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव भगवान सहाय अग्रवाल ने शाखाओं द्वारा किये गये समान हित के लिए किये गये कार्यों की प्रशंसा की तथा भविष्य में नेत्रदान करने के लिए सवको प्रेरित करने के लिए कहा गया। मुख्य अतिथि एवं चुनाव अधिकारी अजय विश्नोई ने चुनाव प्रकिया सम्पन्न कराई। सर्वसम्मति से अध्यक्ष नरेश कंसल, प्रान्तीय महा सचिव हरीश शर्मा एवं प्रान्तीय वित्त सचिव एडवोकेट दीपक अरोरा को निर्वाचित घोषित किया गया। सभी ने उनका स्वागत करते हुए बधाई दी। डा. बिनय खुल्लर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कमल किशोर,विकास रत्न,प्रान्तीय संरक्षक विजय भूषण गर्ग, हरीश चन्द जोशी,गीतू केसरवानी, पारूल गुप्ता, प्रियांशु बंसल, संजय संधू, दीपक माहेश्वरी, मनीष मित्तल, सुरेश जैन, अमित गोयल, विनय बंसल, डा० अनुजा अग्रवाल, संजय खेड़ा, विशाल गोयल आदि उपस्थित रहे।

## कार से उतरते ही बाघ ने किया हमला



रामनगर (उद संवाददाता)। दिल्ली से अपने अन्य परिजनों के साथ कार से अपने घर जा रहे 43 वर्षीय व्यक्ति रमेश खत्री पर अल्मोड़ा वन प्रभाग के दानापानी चरीधार के पास बाघ ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए परिजनों द्वारा रामनगर के रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय में लाया गया । जहां रमेश का डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है। रमेश के गले मे नाखूनों के गंभीर निशान लगे है। बता दें कि शनिवार देर रात अपने अन्य 4 परिजनों के साथ रमेश खत्री दिल्ली से कार द्वार अपने घर गैरसैंण के लिए निकले थे। जब सुबह वह अल्मोड़ा के दानापानी से आघे चरिधार के पास पहुंचे तो रमेश लघुशंका के लिए कार से उतरा। तभी उस पर बाघ ने हमला कर दिया। रामनगर अस्पताल लेकर पहुंचे परिजन प्रेम सिंह नेगी ने कहा कि सुबह अल्मोड़ा वन प्रभाग के अंतर्गत पड़ने वाले चरिधार के पास पेशाब करने के दौरान बाघ ने इस पर हमला करते हुए इसको 200 मीटर दूर तक खींचकर ले गया,जिसमें वहां से गुजर रहे अन्य टैक्सी वालों के द्वारा शोर मचाने पर बाघ ने रमेश को छोड़ा। जिसमें उसके गले मे गंभीर नाखूनों के निशान है।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कांग्रेसियों ने दिया समर्थन



गदरपुर(उद संवाददाता)। आंगनबाडी कर्मचारी संगठन की जिलाध्यक्ष मनप्रीत कौर के नेतृत्व में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन एवं कार्य बहिष्कार स्थल पर पहुंचकर कांग्रेसियों ने समर्थन दिया।इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनप्रीत कौर ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष रेखा नेगी के आह्वान के बाद प्रदेश भर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हड़ताल कर रही हैं और चार मुख्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन और कार्य बहिष्कार किया जा रहा है लेकिन सरकार की कार्यप्रणाली देखते हुए अभी कोई समझौता नहीं हुआ। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि विधानसभा सत्र में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष करण माहरा द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों की जायज मांगों को पूरा करने के लिए उनका पक्ष रखेंगे ताकि उनकी जायज मांगों पर जल्द निर्णय लिया जाए। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की जायज मांगों का समर्थन किया गया है उनकी मांग है कि जायज मांगों पर विचार करके सरकार को उनकी मांगों को पूरा करना चाहिए। इस मौके पर सैकड़ो आंगनवाड़ी कार्यकर्ती मौजूद रहीं।

## अनाधिकृत कालोनियों में ध्वस्त किया निर्माण





रूद्रपुर (उद संवाददाता)।नव नियुक्त उपाध्यक्ष, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर अभिषेक रूहेला ने तहसील किच्छा के क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान अनाधिकृत कालोनियों के विरुद्ध ठोस कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के अनुपालन में उपजिलाधिकारी किच्छा, तहसीलदार किच्छा, अधिशासी अभियन्ता, अवर अभियन्ता एवं प्राधिकरण स्टॉफ के साथ विभिन्न जगहों का निरीक्षण किया तथा ग्राम बण्डिया अन्तर्गत दो अनाधिकृत कालोनियों जिनके विरूद्ध पूर्व उपाध्यक्ष द्वारा ध्वस्तीकरण आदेश पारित किये जा चुके थे, में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। उक्त के अतिरिक्त ग्राम सुनहरा किच्छा आदि का भी भ्रमण किया गया जिसमें दो कालोनियों में निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाना पाये जाने पर उन्हें रूकवाया गया तथा निर्माण कार्य न करने की चेतावनी दी गयी। साथ ही उक्त के विरूद्ध विधि अनुरूप कार्यवाही संस्थित किये जाने के भी निर्देश दिये गये। उपाध्यक्ष जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण एवं सचिव जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण ने अनाधिकृत कालोनियों आदि के विरूद्ध भविष्य में भी कार्यवाही किये जाने एवं आम जन एवं कालोनाईजरों से यह अपील की गयी कि वे विधिवत मानचित्र / तलपट मानचित्र स्वीकृत किये जाने के उपरान्त ही निर्माण/विकास आदि कार्यवाही करें।

## दो किमी हॉटमिक्स मार्ग का विधायक ने किया शिलान्यास



रुद्रपुर( उद संवाददाता)। दुर्गा बिहार, छतरपुर क्षेत्र में विधायक शिव अरोरा ने राज्य योजना से दो किलोमीटर हॉटमिक्स मार्ग का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि क्षेत्र के कोने कोने तक विकास कार्यो को पहुंचाने के लिये हम प्रतिबद्ध हैं और जिसको हमने कर के भी दिखाया है, निश्चित रूप से इन विकास कार्यो का लाभ क्षेत्र की जनता को मिल रहा है और जहां पहले रोडो की स्थिति ठीक नही होती थी अब तेज गति से विकास कार्य प्रारंभ हुए हैं, उन्होंने कहा रुद्रपुर का कोई भी क्षेत्र विकास से अछूता नही रहने वाला है हम पूरी ईमानदारी के साथ जनभावनाओं के अनुरूप कार्य कर रहे हैं, जिससे सम्रग क्षेत्र का विकास तेज गति से हो सके। इस दौरान ग्राम प्रधान हरीश भट्ट, सरवन सिंह, रूप सिंह रावत, नीकु,किरण भट्ट, शालू दुबे, तारा बिष्ट, अंजिली बिष्ट, राजेश भाटी, रेणु चंद, लता, प्रियंका राजपूत व अन्य लोग मौजूद रहे।

## किसानों को ड्रोन से इफको नैनो उर्वरकों के छिड़काव की दी जानकारी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे नमो ड्रोन दीदी कार्यक्रम के तहत इफको द्वारा नैनो उर्वरकों के छिड़काव हेतु महिला ड्रोन पायलटों को प्रशिक्षण दिया गया था। उत्तराखंड राज्य से कुल चार महिला ड्रोन पायलट का चयन हुआ इसी के तहत रुद्रपुर क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर की महिला ड्रोन दीदी श्रीमती शुभ्रा को इफको द्वारा निशुल्क कृषि ड्रोन एवं उसके परिवहन हेतु ई व्हीकल प्रदान किया था। इसी क्रम में ड्रोन पायलट सुश्री शुभ्रा उपाध्याय द्वारा ट्रेनर नवार्क बाली के सहयोग से रुद्रपुर क्षेत्र के गांव फौजी मटकोटा के प्रगतिशील कृषक पवन शर्मा, ग्राम बागवाला के आलोक वर्मा व ज्ञान प्रकाश दुबे, ग्राम भगवानपुर के खेत में कृषि ड्रोन द्वारा इफको नैनो उर्वरकों का छिड़काव किया गया। इस दौरान बताया गया कि ड्रोन के माध्यम से छिड़काव करने में किसानों को मात्र 10 लीटर पानी से ही लगभग 5-6 मिनट में 1 एकड़ में छिड़काव हो सकता है। इफको क्षेत्र प्रबंध नीरज कुमार ने मौके पर उपस्थित किसानों को दानेदार उर्वरकों के इस्तेमाल को कम कर इफको नैनो उर्वरकों के छिड़काव करने की सलाह दी और कृषि ड्रोन में नैनो उर्वरकों की सही मात्रा के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर आलोक कुमार दुबे और मो.आफताब आलम भी उपस्थित रहे।

## लोक सभा चुनाव के लिए प्रशासन ने तय की सामग्रीवार निर्वाचन व्यय दरें



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी की अध्यक्षता में निर्वाचन सामग्री दर निर्धारण कमेटी द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु सामाग्रीवार निर्वाचन व्यय दरें निर्धारित की। अपर जिलाधिकारी कार्यालय में निर्वाचन सामाग्री दर निर्धारण कमेटी की बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी ने बताया कि विधानसभा वार सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों को निर्वाचन में उपयोग होने वाली सामाग्री का बाजार सर्वे कर वस्तुओं की दरे उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थे। विधान सभावार उपलब्ध वस्तुओं के बाजार दरों के आधार पर जनपद स्तर पर सामाग्रीवार निर्वाचन व्यय दरें निर्धारित की जायेगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा विधानसभा वार मार्केट सर्वे से प्राप्त सामाग्री दरो के आधार पर जिला स्तरीय समिति द्वारा निर्वाचन में उपयोग होने वाली सामाग्रीवार विचार-विमर्श कर दरें निधारित की। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्धारित दरों पर शीघ्र ही राजनैतिक पार्टी पदाधिकारियों के साथ भी बैठक की जायेगी व सामाग्री की निधारित दरों की सूची सभी राजनैतिक पार्टियों को उपलब्ध करायी जायेगी ताकि निर्वाचन के दौरान पार्टियों के प्रत्याशियों द्वारा प्रचार के दौरान उपयोग की गयी सामाग्री की दरों के आधार पर राजनैतिक पार्टियों व लेखा टीम द्वारा व्यय लेखा में अंकन किया जा सकेगा। बैठक में सदस्य मुख्य कोषाधिकारी डॉ0 पंकज कुमार शुक्ल, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार, एआरटीओ चक्रपाणि मिश्रा, उप निदेशक खनन अमित गौरव, सहायक अभियन्ता लोनिवि आदि उपस्थित थे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## बढ़ती महंगाई से बिगड़ता घरेलू खर्च का बजट

देश में पिछले कई वर्षों से बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। इससे लोगों का घरेलू बजट पूरी तरह से गड़बड़ा गया है। ऐसा भी नहीं कि बढ़ती महंगाई पर काबू पाने के लिए केन्द्र सरकार ने कोई कदम न उठाये हों। परंतु जिस प्रकार से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से वस्तुओं के निर्माण की लागत बढ़ रही है वहीं फसलों समर्थन मूल्य भी लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसका सीधा प्रभाव आम जनता की जेब पर पड़ रहा है। अर्थव्यवस्था के तेज विकास और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के दावों के बीच हकीकत यह है कि पिछले बारह-तेरह सालों में लोगों का घरेलू खर्च बढ़ कर दोगुने से अधिक हो गया है। ताजा घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के मुताबिक मौजूदा कीमतों पर शहरी क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति औसत घरेलू खर्च 2011-12 के 2,630 रुपए से बढ़ कर 2022-23 में दोगुने से अधिक यानी 6,459 रुपए हो गया है। इसी तरह ग्रामीण इलाकों में यह 1,430 रुपए से बढ़कर 3,773 रुपए हो गया है। इसमें यह भी जाहिर हुआ है कि गैर-खाद्य वस्तुओं पर खर्च बढ़ा है, जबकि खाद्यान्न पर खर्च पहले की तुलना में कम हुआ है। फलों, सब्जियों, दूध, मछली, खाद्य तेल आदि पर खर्च बढ़ा है। इसी तरह शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन, वस्त्र और दूसरी जरूरी उपभोक्ता वस्तुओं पर खर्च बढ़ा है। इसकी एक वजह तो यह बताई जा रही है कि कोविड के समय शहरों से गांवों की तरफ लौटे लोगों के कृषि क्षेत्र में समाहित हो जाने से उस क्षेत्र का औसत उपभोग खर्च बढ़ा है। मगर यही तर्क शहरी खर्च बढ़ने पर लागू नहीं होता। यह तब है, जब सरकार लगातार महंगाई पर काबू पाने का प्रयास कर रही है। इन आंकड़ों के समांतर दावा यह भी है कि गरीबी में पांच फीसद की कमी आई है। बहुआयामी गरीबी से करीब तेईस करोड़ लोगों के बाहर निकलने का आंकड़ा भी कुछ दिनों पहले चर्चा में था। इन सबके बीच एक तथ्य यह भी है कि प्रति व्यक्ति आय में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति मासिक आय भी लगभग उतनी ही है, जितना प्रति व्यक्ति मासिक खर्च है। मगर इससे प्रति व्यक्ति आय और प्रति व्यक्ति खर्च का समीकरण संतुलित नहीं होता। ज्यादातर परिवारों में एक ही व्यक्ति कमाने वाला होता है, जबकि उस पर निर्भर औसतन तीन लोग होते हैं। इन्हीं आंकड़ों के बीच सरकार का दावा है कि वह बयासी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराती है। यानी प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू व्यय के औसत में इस आबादी का हिस्सा भी शामिल है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि चूंकि यह सर्वेक्षण ग्यारह सालों बाद आया है, इसलिए इसमें प्रति व्यक्ति खर्च ऊंचे स्तर पर नजर आ रहा है। महंगाई और प्रति व्यक्ति खर्च बढ़ना एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था की निशानी माना जाता है। मगर इसके साथ-साथ प्रति व्यक्ति आय में भी समतुल्य बढ़ोतरी दर्ज होना आवश्यक है। विचित्र है कि प्रति व्यक्ति आय उस अनुपात में नहीं बढ़ रही है, जिस अनुपात में महंगाई और घरेलू खर्च बढ़ रहा है। इसकी बड़ी वजह रोजगार के नए अवसर सृजित न हो पाना और कोविड के दौरान बाहर हुए लोगों का वापस रोजगार में न लौट पाना है। जो लोग कृषि क्षेत्र में समाहित हो गए हैं, उन्हें भी दैनिक मजदूरी उपलब्ध नहीं हो पाती। कृषि क्षेत्र खुद कई संकटों से गुजर रहा है। मौसम की मार से फसलों के बर्बाद होने और लागत के अनुपात में फसलों की वाजिब कीमत न मिल पाने

# सुल्तानपुर पट्टी में अंधाधुंध अवैध खनन

## बेलगाम होकर गुजर रहे हैं खनन भरे डंपर और ट्रैक्टर ट्रालियां गंभीर दुर्घटनाओं का बढा ग्राफ, पहले भी हो चुकी है दर्जनों मौतें

-मनोज श्रीवास्तव-

बाजपुर/सुल्तानपुर पट्टी। सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद कोसी नदी में अवैध खनन का गैर कानूनी काम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जेसीबी एवं पोकलैंड मशीनों से नदी में गहरे गहरे कुंड कर दिए गए हैं। मजे की बात तो यह है कि उप खनिज से ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉलियां एवं डंपर पुलिस तथा राजस्व अधिकारियों के आंख के सामने से होकर गुजर रहे हैं। सड़कों पर मौत के मानिंद फर्राटा भरते खनन भरे डंपरों की चपेट में आकर अब तक दर्जनों जिंदगिया मौत के मुंह में चली गई लेकिन गैर कानूनी कार्य पर अंकुश लगाने के सार्थक प्रयास नहीं किए जा सके। तो वहीं दूसरी ओर खनन माफियाओं के बीच गोलीबारी तथा खूनी खेल आम बात हो चुका है। अवैध खनन के इस गैर कानूनी खेल में सुल्तानपुर पट्टी चौकी पुलिस का किरदार महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि अवैध खनन को लेकर जनपद उधम सिंह नगर की सुल्तानपुर पट्टी पुलिस चौकी हमेशा से सुर्खियों में रही। पिछले दिनों सरकार की सख्ती के कारण प्रशासन और राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा छापामार कार्यवाही के कारण अवैध खनन पर कुछ हद तक अंकुश लगा था लेकिन पिछले कुछ समय से अवैध खनन का गैर कानूनी खेल एक बार फिर से तेजी पकड़ चुका है। कोसी नदी से निकलने वाला अवैध खनन अधिकांश राज्य की सीमा पार कर यूपी के क्रशरों को भेजा जा रहा है। सूत्रों की मानें तो एक दिन में सैकड़ों डंपर एवं ट्रैक्टर ट्रालियां अवैध खनन लेकर राज्य की सीमा पार कर जाती है। अधिकांश खनन भरे वाहन अजीतपुर मार्ग से राज्य की सीमा से होकर यूपी की सीमा में प्रवेश करते हैं। अवैध खनन के गैर कानूनी कार्य में और अधिक माल कमाने को लेकर बताया जा रहा है कि फर्जी रॉयल्टी तैयार की जा रही है। सूत्र बताती है कि फर्जी रॉयल्टी तैयार करने वाला एक गिरोह सक्रिय है। फर्जी रॉयल्टी तैयार करने वालों को पूर्व में आईटीआई पुलिस द्वारा पकड़ा भी जा चुका है लेकिन जालसाजी कर सरकार के राजस्व को चूना लगाने का खेल अभी बंद नहीं हुआ। वैध खनन की तुलना में अवैध खनन का बोलबाला है। नियमानुसार नदियों में होने वाले खनन का कार्य सूर्यास्त के बाद नहीं होना चाहिए। देखा जाए तो खनन में मशीनों का प्रयोग भी गलत है लेकिन बावजूद इसके बड़ी-बड़ी मशीनों से पूरी रात नदियों का सीन चाक किया जा रहा है।

### सरकार के राजस्व को करोड़ों का चूना

काशीपुर। खनन माफियाओं की कारगुजारियों पर अंकुश न लगने के कारण सरकार के राजस्व को प्रतिमाह करोड़ों का चूना लग रहा है। स्वीकृत खनन पट्टों की आड़ में मशीनों से अवैध खनन किये जा रहे हैं। नदियों से उपखनिज लेकर निकलने वाले वाहनों की रॉयल्टी तथा ओवरलोडिंग चेक नहीं किया जाता। खनन माफियाओं के हौसले यहां इस कदर बुलंद है कि वह कृषि भूमि के लिए दिये गये सरकारी पट्टे की भूमि पर भी खनन से बाज नहीं आ रहे।

### रेलवे पुल के पिलर भी हो चुके हैं खोखले

काशीपुर। कोसी नदी में पिलर पर बने रेलवे पुल की नीव को खनन माफियाओं ने इस कदर खोखला कर दिया है कि कभी कोई बड़ा रेल हादसा घटित हो जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगा। पिलर के आसपास बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इसी तरह ठीक बगल में परिवहन के लिए बनाए गए पुल का अस्तित्व भी खतरे में है। हालांकि हाल फिलहाल पुल की मरम्मत कर एक बार फिर से उसे परिवहन के लिए खोल दिया गया लेकिन सुरक्षा सवालों के घेरे में है।

# टेंपो चालकों से अवैध वसूली बंद नहीं हुई तो होगा आंदोलन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। टैंपो एवं अन्य वाहन चालकों से वाहन फिटनेस के नाम पर की जा रही अवैध वसूली को लेकर सीएनजी टेंपो चालक यूनियन के अध्यक्ष सुब्रत विश्वास के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें रुद्रपुर के यातायात के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। टेंपो चालकों ने बताया कि फिटनेस के नाम पर फिटनेस बनाने वाली एजेंसी द्वारा डरा धमकाकर छोटी-छोटी चीजों के नाम पर बड़ी-बड़ी लूट की जा रही है जहां पहले 2000 से 3000 में फिटनेस हो जाता था वही अब डरा धमका कर चालान कटवाने के नाम पर अधिकारियों का डर दिखाकर 10000 से 15000 रुपए की अवैध वसूली की जा रही है। पैसे नहीं देने पर फिटनेस एजेंसी गाड़ी चालक और टेंपो चालकों को डरा और धमका रहे हैं। टेंपो



चालकों ने निर्णय लिया कि जल्द ही आरटीओ अधिकारी बिपिन सिंह से मुलाकात की जाएगी। एक माह के भीतर प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई तो उसके बाद सारे ऑटो चालक और ड्राईवर अपनी गाड़ियां रोड में खडी करके धरना देने के लिए मजबूर होंगे। टेंपो चालकों ने कहा कि सीएनजी टेंपो यूनियन और सीएनजी चालकों को टेंपो स्टैंड दिया जाए साथ ही 16 किलोमीटर परमिट दिया जाए। परंतु शासन प्रशासन सुनने के लिए तैयार नहीं मजबूरन आंदोलन की राह तय करनी पड़ेगी। समाजसेवी सुब्रत कुमार विश्वास ने कहा कि टैंपो चालकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सीएनजी टेंपो यूनियन अध्यक्ष सुभाष विश्वास उपाध्यक्ष इंद्रपाल, सचिव रमेश, संरक्षक तपस विश्वास, कोषाध्यक्ष कृपाल, उपसचिव गजेंद्र, नरेश, मोहित, विक्रम, मोहम्मद इकबाल, नरेंद्र, दिनेश, राकेश, राहुल, विनोद, दिलशान, गुरविंदर आदि लोग थे।

# पहाड़ी क्षेत्रों में 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाया जायेगा

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. वी.वी.आर.सी पुरुषोत्तम ने सोमवार को सचिवालय में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष/नोडल अधिकारी एवं सभी जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों की आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक ली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने समस्त विभागों को निर्वाचन की तैयारी एवं शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल करने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को अपने-अपने जनपदों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विशेष प्रचार-प्रसार अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपदों में मतदान स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं के साथ ही दिव्यांगजनों हेतु व्हीलचेयर, डोली एवं स्वयंसेवकों की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों में 80 वर्ष से अधिक आयु के



मतदाताओं को बूथ तक लाने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि बिजली एवं पानी के बिलों में प्रचार-प्रसार हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा जारी चुनावी थीम और लोगो का उपयोग किया जाए। सभी डीईओ एवं सीडीओ को वॉट्सएप एवं इंस्टा के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूकता एवं प्रचार प्रसार पर फोकस किए जाने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नमामि बंसल, श्री प्रताप शाह, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री मस्तुदास सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपदों से जिलाधिकारी एवं मुख्य विकासअधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्य सचिव ने दिए भिक्षावृत्ति रोकने और बच्चों को स्कूलों में दाखिल करने के निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा, सरकारी स्कूलों में दस्तावेजों के अभाव में किसी भी जरूरतमंद बच्चे को दाखिला देने से मना नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, दाखिला देने से मना करने वाले ऐसे प्रधानाचार्यों या शिक्षकों के खिलाफ बेहद सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने अपर सचिव शिक्षा रंजना राजगुरु को नोडल बनाते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से इस संबंध में सभी सरकारी स्कूलों को आदेश जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, देहरादून के आईएसबीटी क्षेत्र में भिक्षावृत्ति को खत्म करने तथा उनके पुनर्वास के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट पर तत्काल कार्य शुरू किया जाए। सचिवालय में महिला एवं बाल



विकास विभाग की राज्य स्तरीय मूल्यांकन अनुश्रवण समिति की पहली समीक्षा बैठक में बताया गया कि राज्य में कुछ अनाथ, गरीब, भिक्षावृत्ति में लिप्त, जरूरतमंद एवं प्रवासी मजदूरों के बच्चों को जरूरी दस्तावेज जैसे आधार, राशन कार्ड आदि के न होने के कारण स्कूलों में दाखिला नहीं दिया जा रहा है। मुख्य सचिव ने अपर सचिव शिक्षा को इसके लिए रंजना राजगुरु को इस बाबत में नोडल बनाया है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि राज्य में सरकारी स्कूलों द्वारा किसी भी बच्चे को बिना किसी भेदभाव के दाखिला दिया जाएगा। उन्होंने राज्य में बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह तथा बाल श्रम के मामले पूरी तरह रोकने के लिए सभी संबंधित विभागों को सटीक आंकड़े मुहैया करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस संबंध में जल्द स्टेट रिसोर्स सेंटर की स्थापित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, राधिका झा, एचसी सेमवाल, अपर सचिव रंजना राजगुरु और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# महिला पुलिस कर्मी पर ट्रक चढ़ाने का प्रयास


रुद्रपुर (उद संवाददाता)। डीडी चौक पर यातायात डयूटी पर तैनात महिला यातायात कांस्टेबल पर नो एंट्री में ट्रक चढ़ाने का प्रयास कियागया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ चालान की कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक एक ट्रक नो इंट्री में घुस आया था। इस पर वहां तैनात महिला कांस्टेबल ने उसे रोका, लेकिन वह नहीं रूका। बाद में उसने ट्रक साइड में लगाया। शहर में यातायात व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस ने सुबह आठ बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों की नो इंट्री की है। सुबह 10 बजे के आसपास एक ट्रक किच्छा रोड से नो-इंट्री क्षेत्र से होते हुए डीडी चौक तक पहुंच गया। यह देख डीडी चौक पर तैनात एक महिला कांस्टेबल ने उसे आगे से रोकने का प्रयास किया। लेकिन चालक ने ट्रक नहीं रोका। ट्रक काफी रफ्तार में था, इस पर महिला कांस्टेबल ने साइड हटकर अपनी जान बचाई। सूचना पर अन्य पुलिस कर्मी भी पहुंच गए और ट्रक को साइड लगाया। इसकी सूचना पुलिस के उच्चाधिकारियों के पास पहुंची। उच्चाधिकारियों के आदेश पर चालक को बुलाया गया। यातायात पुलिस ने चालक के खिलाफ चालान की कार्रवाई करते हुए हिदायत दी कि दोबारा यातायात नियमों का उल्लंघन किया तो कड़ी कार्रवाई होगी। बाद में चालक को महिला कांस्टेबल से माफी मांगने पर छोड़ दिया।

# आठ फरार वारंटियों को पुलिस ने दबोचा

काशीपुर (उद संवाददाता)। अलग-अलग मामलों में पिछले लंबे समय से फरार चल रहे आठ वारंटियों को पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि ग्राम रमपुरा निवासी संता सिंह पुत्र करतार सिंह अवैध कच्ची शराब के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी किए गए थे। इसी तरह धारा 338 279 304 ए के एक मामले में गूलरघट्टी रामनगर निवासी राजेश तिवारी पुत्र राधेश्याम, 138 एन आई एक्ट में गोपीपुरा काशीपुर निवासी कुलदीप पुत्र बाबूराम, धारा 401 आईपीसी में रामनगर का खतरनाक हिस्ट्रीशीटर शादाब पुत्र इरफान, धारा 406 आईपीसी में फसियापुरा काशीपुर निवासी शशिकांत पुत्र जगन्नाथ, गैंबलिंग एक्ट में नई बस्ती मोहल्ला अल्ली खां निवासी अख्तर पुत्र अब्दुल्ला, 138 एन आई एक्ट में पट्टी बजजर, भीम नगर कुंडेश्वरी निवासी त्रिलोक पुत्र सोहन तथा शस्त्र अधिनियम में रामनगर निवासी शादाब पुत्र इरफान के खिलाफ समय से कोर्ट में ना हाजिर होने पर न्यायालय द्वारा वारंट जारी किए गए थे। इसी के बाद से उपरोक्त आठों कानून की आंख में धूल झोंक कर फरार चल रहे थे जिन्हें पुलिस ने सूचना के आधार पर डॉबीज देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उपरोक्त सभी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# हल्द्वानी हिंसा के मास्टरमाइंट मलिक और फरार मोईद पर लगाया यूएपीए

## पुलिस ने पूछताछ के लिए अब्दुल मलिक को चार दिन की रिमांड पर लिया





हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पुलिस ने पूछताछ के लिए अब्दुल मलिक को कोर्ट से चार दिन की रिमांड पर लिया है। पुलिस ने कोर्ट में पूछताछ के लिए अब्दुल मलिक की 10 दिन की रिमांड मांगी थी लेकिन कोर्ट ने चार दिन की ही रिमांड दी। पुलिस ने हल्द्वानी हिंसा के मास्टरमाइंट अब्दुल मलिक और उसके बेटे पर 16 धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। अब उन पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) भी लगाया गया है। यूएपीए लगने के कारण आरोपितों को 90 दिन तक जमानत नहीं मिल सकेगी। पुलिस ने आठ फरवरी को बनभूलपुरा में हुए उपद्रव में अब्दुल मलिक और उसके बेटे मोईद के खिलाफ बनभूलपुरा थाने में आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 307, 395, 323, 332, 341, 342, 353, 427 और 436 में मुकदमा दर्ज किया। इसके साथ उन पर उत्तराखंड लोक संपत्ति अधिकार अधिनियम, आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा दर्ज किया था। गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत आरोपी को तीन महीने तक जमानत नहीं मिलती है। इसके बाद कोर्ट चाहे तो जमानत दे सकती है। ये ही धाराएं अब्दुल मोईद सहित नामजद आरोपियों पर भी लगाई गई हैं। पुलिस यह रिमांड पूरी होने के बाद दोबारा अब्दुल मलिक को रिमांड पर लेगी। अब्दुल मलिक बनभूलपुरा उपद्रव का मास्टरमाइंड है। उसके खिलाफ यूएपीए सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने शनिवार को अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। सोमवार को पुलिस कोर्ट पहुंची। पुलिस ने अब्दुल मलिक को पूछताछ के लिए कोर्ट से अब्दुल मलिक की 10 दिन की रिमांड मांगी। कोर्ट ने पुलिस को चार दिन की रिमांड दी। अब पुलिस अब्दुल मलिक को नैनीताल जेल से लाएगी और उससे पूछताछ करेगी। सूत्रों के अनुसार पुलिस अब्दुल मलिक को उसके दिल्ली और अन्य ठिकाने भी पूछताछ के लिए साथ ले जा सकती है। सूत्र बताते हैं कि उपद्रव से पहले और उपद्रव के बाद अब्दुल मलिक कहां-कहां गया था, इसकी जानकारी भी पुलिस लेगी। अब्दुल मलिक के बेटे अब्दुल मोईद और साफिया के बारे में भी पूछताछ कर सकती है। झूठा शपथ पत्र देने के मामले में सवालों की फेहरिस्त पुलिस के पास हैं। इन चार दिनों में अगर पूछताछ अधूरी रही तो पुलिस दोबारा अब्दुल मलिक की रिमांड बढ़ाने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकती है।

# एक और धाकड़ एक्शन लेने की तैयारी में धामी सरकार

## उपद्रवियों के खिलाफ 'उत्तराखंड सार्वजनिक और निजी संपत्ति क्षति वसूली विधेयक' लाएगी



देहरादून। उत्तराखंड में धामी सरकार उपद्रवियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है। बता दें सरकार विरोध प्रदर्शन के नाम पर सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी में है। धामी सरकार सदन में विरोध प्रदर्शन के नाम पर सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले उपद्रवियों पर लगाम लगाने के लिए 26 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र में 'उत्तराखंड सार्वजनिक और निजी संपत्ति क्षति वसूली विधेयक' लाएगी। उत्तराखंड में सीएम धामी ने अब कानून व्यवस्था से खिलवाड़ कर जमीनों की खरीद फरोख्त करने वाले और सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले उपद्रवियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही का एक नया वसूली कानून लागू करने का विधेयक विधानसभा में पेश कर सकती है। बताया जा रहा है कि सीएम धामी ने हल्द्वानी के वनभूलपुरा क्षेत्र में सरकारी जमीन पर बनाये गये अवैध मदरसे को ढहाने के बाद भड़की हिंसा में सरकारी सम्पत्तियो को हुए आर्थिक नुकसान की भरपायी के लिए ठोस कदम उठाने जा रही है। जानकारी के लिए बता दें इस बिल के तहत विरोध प्रदर्शन और हड़ताल के दौरान हुए नुकसान की वसूली उपद्रव में शामिल आरोपियों से की जाएगी। नुकसान की भरपाई के लिए सेवानिवृत्त जिला जज की अध्यक्षता में ट्रिब्यूनल का गठन किया जाएगा। इस परिपेक्ष्य में आगामी विधानसभा के बजट सत्र में एक और अध्यादेश पेश कर सीएम पुष्कर सिंह धामी एक और धाकड़ एक्शन लेने की तैयारी में जुट गई है।

# ट्रंचिंग ग्राउंड की जमीन पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा



रामनगर(उद संवाददाता)। शहर में घरों से एकत्र किए जा रहे कूड़े के निस्तारण को लेकर नगर पालिका प्रशासन को तराई पश्चिमी वन विभाग द्वारा ग्राम पुछडी क्षेत्र में करीब 1 हेक्टेयर भूमि 30 साल की लीज पर विभागीय शर्तों के तहत दी गई थी। लेकिन बताया जाता है कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा वन विभाग को लाखों रुपया जमा करने के बाद भी आज भी क्षेत्र में 50% वन भूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने के साथ ही यहां पर मकान बनाने के साथ ही खेती की जा रही है। 3 साल बीतने के बाद भी आज तक पूरी जमीन नगर पालिका को नहीं मिली है जिस कारण नगर पालिका प्रशासन को कूड़ा निस्तारण में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी महेंद्र कुमार यादव ने बताया कि वर्ष 2021 में उक्त क्षेत्र में यह जमीन नगर पालिका को 30 साल की लीज पर दी गई थी कृष्णा नगर पालिका प्रशासन द्वारा 90 लाख रुपया भी वन विभाग को जमा किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि मौके पर आज भी 50 प्रतिशत इस भूमि पर अवैध रूप से कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया हुआ है कई बार नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन द्वारा इस अतिक्रमण को हटाने के लिए मौके पर टीम भी गई लेकिन टीम के साथ अभद्रता की गई। उन्होंने बताया कि संबंध में वन विभाग को कई बार पत्राचार भी किया जा चुका है लेकिन आज तक नगर पालिका को पूरी जमीन नहीं मिल पाई है। मामले में तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि जो भूमि नगर पालिका को लीज पर दी गई थी उस पर कुछ लोगों द्वारा जो अतिक्रमण किया गया है उसे जल्द हटाने की कार्रवाई संयुक्त रूप से की जाएगी। उन्होंने कहा कि वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा।

# लोकतंत्र सेनानी नंद किशोर भाटिया के निधन पर शोक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की अलख जगाने वाले गदरपुर शिशु मन्दिर के प्राचार्य रहे नन्दकिशोर भाटिया का 74 साल की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया। आपातकाल के दौरान नन्दू भाटिया के नाम से लोकप्रिय भाटिया ने 1975 में नैनीताल जिले में लोकतंत्र के लिए अलख जगाई और तानाशाही के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। गदरपुर में अपने सेवाकाल के दौरान गाँव-गाँव भ्रमण कर बच्चों के अभिभावकों से सम्पर्क कर आपातकाल का कड़ा विरोध किया। जिस पर पुलिस उन्हें तलाश करने लगी तो वे मथुरा चले गए। जँहा पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया। वे एक साल तक जेल में रहे । लोकतंत्र सेनानी परिवार ने शोक सभा में नंद किशोर भाटिया के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस दौरान बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुभाष छाबड़ा ने कहा कि महान योद्धा के निधन से लोकतंत्र सेनानी अत्यंत दु:खी हैं। श्रद्धांजलि सभा मे लोकतंत्र सेनानी मुकेश चतुर्वेदी बल्ली, सतीश सिडाना, हरजीगुम्बर, कमलचिलाना एडवोकेट, सुरभि आहूजा, होमीकुरैशी, रविअरोड़ा एडवोकेट, सुरेन्द्र गिरधर, गुरुबाजसिंहनारंग, दिनेशचंदश्रीवास्तव, कालूगोयल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अभिनवछाबड़ा, समेत तमाम लोग मौजूद थे

## पेज एक का शेष...

**89230.07 हजार करोड का ...**धारकों को साल में तीन सिलिंडर के लिए 54 करोड़, पीएम आवास योजना ग्रमीण को 390 करोड़, आंदोलकारियों के कल्याण व कोर्प्स फंड को 44 करोड़, खाद्यान्न योजना को 20 करोड़, विभिन्न विभागों की योजनाओं में सब्सिडी के लिए 679 करोड़ 34 लाख का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही सभी जिलों में हवाई संपर्क, असुरक्षित पुलों से छुटकारा, सरकारी विद्यालयों में आवश्यक फर्नीचर की उपलब्धि, सभी जिलों में स्वरोजगार केंद्रों की स्थापना, जनपद मुख्यालयों में ऑडिटोरियम और संस्कृति केंद्रों की स्थापना, सभी जिला मुख्यालयों में स्टेडियम, प्रदेश से बाहर छात्रों को शैक्षिक भ्रमण का भी लक्ष्य रखा गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार जेंडर बजट के साथ राज्य के समग्र विकास पर आधारित बजट लेकर आई है। सरकार का बजट सशक्त उत्तराखंड पर केंद्रित है। प्रदेश सरकार 2025 तक उत्तराखंड को देश के सबसे अग्रणी राज्यों में शामिल कराने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर सरकार बजटीय प्रावधान और नई योजनाओं का स्वरूप निधारित करेगी। उत्तराखंड की विधानसभा के बजट सत्र के दौरान 24 वर्ष में आज पहली बार प्रदेश सरकार मंगलवार को भोजनावकाश से पहले 12.30 बजे विधानसभा में बजट पेश किया है। वित्त और संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया, सरकार नई परंपरा शुरू की है। अभी तक विधानसभा के पटल पर भोजनवकाश के बाद शाम चार बजे बजट पेश करने की परंपरा रही है, लेकिन इस बार यह परंपरा टूट गई। सत्र की शुरुआत प्रश्नकाल हुई। से इसके बाद सरकार ने पटल पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट रखा।

**बीस लाख की स्मैक...** निवासी नाथपुर अंगदराय, दातागंज, बदायूं शामिल हैं। चरणजीत के कब्जे से 107 ग्राम, मनीष के कब्जे से 62 ग्राम व रिंकू के कब्जे से 54 ग्राम स्मैक बरामद मिली।पूछताछ में तस्करों ने बताया कि स्मैक को दातागंज बदायूं यूपी से बिट्टू नाम के व्यक्ति से खरीदकर अधिक पैसे कमाने के लालच में हल्द्वानी शहर में बेचने के लिये ला रहे थे। मनीष और चरणजीत आपस में साला और जीजा हैं। मनीष हल्द्वानी रहता है जिसे आरोपी रिंकू बदायूं से स्मैक लेकर रुद्रपुर निवासी चरणजीत सिंह जो रुद्रपुर से बदायूं की रोडवेज का चालक है के साथ मिलकर स्मैक को हल्द्वानी लाते हैं और बेचते हैं। एसएसपी ने पुलिस टीम के इस सराहनीय कार्य के लिए 2,500 रुपए के नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। पुलिस टीम में बलवंत सिंह, प्रभारी एएनटीएफ नैनीताल, सुशील जोशी, प्रभारी चौकी टीपी नगर, कांस्टेबल नवीन राणा, चौकी टीपी नगर, नवीन कुमार, एएनटीएफ नैनीताल, अमनदीप, एएनटीएफ नैनीताल,अरविंद कार्की, एएनटीएफ नैनीताल, राजेंद्र जोशी, ए नैनीताल, सोनू सिंह, एएनटीएफ नैनीताल शामिल थे।

**गदरपुर में पुलिस...**तलाशी लेने पर उसके पास से 32 बोर की दो फैक्ट्री मेड पिस्टल, 12 बोर की एक पौनिया बंदूकर, सात तमंचे और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए। पकड़े गये व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम किशनपाल पुत्र स्व0 खयाली राम निवासी वार्ड न0 05 खेडा रूद्रपुर बताया। पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में उसका चालान कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की है।

# आसान पेपर देख विद्यार्थियों के चहरे खिले



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड बोर्ड की आज से प्रारम्भ हुई परीक्षाओं में प्रथम दिन प्रथम पाली में इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों में हिन्दी का आसान पेपर देख चेहरे पर खुशी दिखाई दी। परीक्षा देकर परीक्षा केन्द्र से बाहर आते समय उनके चेहरे पर खुशी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी। उन्होंने बताया कि आगे आने वाले पेपर भी ऐसे ही आते रहे तो उन्हें परीक्षा पास करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। इधर परीक्षा की तैयारियों के लिए शिक्षा विभाग द्वारा कोई भी कसर बाकी नहीं छोड़ी गई थी। सचल दल लगातार परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण करते रहे। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष जनपद में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 37127 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। जिसमें हाईस्कूल के कुल 21182 व इंटरमीडिएट के 15945 परीक्षार्थी शामिल हैं। उन्होंने बताया जनपद में 100 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। जहां आज प्रथम दिन शांति पूर्ण परीक्षा परीक्षा सम्पन्न हुई।

**हल्द्वानी का बदमाश...**पर वह ब्लाक आफिस जाने वाली सडक पर पहुंचे जहां लघु सिचाई खण्ड कार्यालय से कुछ पहले एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से घूमता दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही वह खाली मैदान की तरफ भागने लगा। जिस पर पुलिस टीम ने पीछा कर कुछ दूरी पर उसे दबोच लिया । पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता अमान पुत्र अफजाल निवासी लाईन नंबर 13 आजादनगर थाना बनभूलपूरा हल्द्वानी बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 5 हजार रुपये नगद, एक अदद तमन्चा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अमान की रूद्रपुर बाजार में हुई लूट की एक वारदात में तलाश की जा रही थी। पुलिस ने बरामद तमंचा, कारतूस तथा नगदी कब्जे में लेकर अमान को गिरफ्तार कर लिया।

**उत्तराखंड में अनसुनी ..**है। देश में सबसे खराब स्थिति ओडिसा की है। इसके बाद पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र हैं। गनीमत है कि उत्तराखंड जन समस्याओं की अनदेखी करने वाले 22 राज्यों में आखरी से चौथे स्थान पर है ,फिर भी जनसमस्याओं की अनदेखी करने वाले सबसे खराब राज्यों में उत्तराखंड का शुमार होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

# किसान कांग्रेस ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लन के नेतृत्व में किसानों के एक शिष्टमंडल ने एसडीएम मनीष बिष्ट से मुलाकात कर उन्हें राष्ट्रपति की संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमे देश में एमएसपी लागू करने, किसानों के कर्जे माफ करने, नया बिजली अधिनियम जो लागू होने जा रहा है, उसको रद्द करने, यूपी की तरह उत्तराखण्ड में भी



मोटरों का बिल माँफ किये जाने, लखीमपुर खीरी वाले काण्ड के दोषियों को सजा दिए जाने, वर्ष 2013 में भूमि अधिकरण एक्ट को लागू करने तथा बाजपुर के 20 गाँव की भूमि का मुददा अति शीघ्र सुलझाये जाने का आग्रह किया गया है। ज्ञापन देने वालों में हरमिंदर सिंह ढिल्लन, जगजीत संधू, जिलाध्यक्ष सोनू कंग, गुरमेल सिंह, दीपक, बलराज, गुरबख्स सिंह, सीपी शर्मा, सुनील आर्य, गुरबाज सिंह विर्क, त्रिनाथ विश्वास आदि शामिल रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा    एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा    समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732    समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# प्रेम सिंह टुरना भी भगवा रगं में रंगे

## व्यापार मण्डल अध्यक्ष गोयल व पूर्व प्रमुख भुवन ने भी छोड़ी कांग्रेस



नानकमत्ता(उद संवाददाता)। तमाम कयास व अटकलों के बीच नगर पंचायत के निवर्तमान चेयरमैन प्रेम सिंह टुरना और व्यापार मण्डल अध्यक्ष दिनेश गोयल भगवा में रंग गए। दोनों ने अपने समर्थको के साथ भाजपा का दामन थाम कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। नगर पंचायत के निर्वतमान नगर पंचायत के चेयरमैन प्रेम सिंह टुरना व व्यापार मण्डल अध्यक्ष दिनेश गोयल समेत पूर्व सितारगंज ब्लाक प्रमुख के कांग्रेस छोड़ भाजपा में जाने की चर्चा व अटकलें तीन दिन से लगाई जा रही थी। दर्पण ने इन अटकलों को तीन दिन पूर्व ही प्रकाशित कर दिया था, जो कि खबर सटीक साबित हुई और सोमवार को नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन प्रेम सिंह टुरना व व्यापार मण्डल अध्यक्ष दिनेश गोयल अपने समर्थका के साथ भाजपा मुख्यालय देहरादून में प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भटट, पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल निशंक, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल की मौजूदगी में कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी का भाजपा में स्वागत कर उनको भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस दौरान खटीमा के ब्लाक प्रमुख रंजीत नामधारी भी मौजूद रहे। इस मौके पर सदस्यता लेने वालों में प्रदीप विश्वास, ओमप्रकाश, गुरमुख ,बलजीत सिंह, सतनाम सिंह, सुखवीर सिंह, रितेश राणा, रितेश गुप्ता,भजन सिंह राणा, संजु सिंह राना, मनवीर सिह, साहब सिंह, निर्मल सिंह , संतोख सिंह, गुरचरन सिंह, सुजल यादव आदि शामिल थे।

## पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाएंगे: टुरना



नानकमत्ता। निवर्तमान चेयरमैन ने कहा कि भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने कांग्रेस छोड़कर भाजपा ज्वाईन की है। क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेताओं के मार्गदर्शन व कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी की सेवा करेंगे। नगर में भाजपा संगठन को और मजबूत करने के साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर उनका फोकस रहेंगा। उन्होंने भाजपा हाईकमान व प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का पार्टी में शामिल करने पर आभार जताया।

## व्यापरियों का हित भाजपा में सुरक्षित: गोयल



नानकमत्ता। व्यापार मण्डल अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि नगर के विकास व व्यापारियों के हित के लिए भाजपा में जाने का निर्णय लिया है। देश के प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रति उनकी आस्था है। व्यापारियों के हित जहां सुरक्षित होंगे, उसी पार्टी में जाना उचित समझा। मिलजुलकर पार्टी की नितियों को आगे ले जाने का कार्य करेंगे। जल्द वरिष्ठ भाजपा नेताओं से मिलकर रणनिति बनाई जायेगी।

## विधानसभा संयोजक बने डा. प्रेम व प्रभारी हिमांशु



नानकमत्ता। भाजपा हाईकमान ने लोकसभा चुनाव में नानकमत्ता विधानसभा संयोजक पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा एंव प्रभारी हिमांशु बिष्ट को नियुक्त किया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने विधानसभा वार जिम्मेंदारी सौपी है। नानकमत्ता विधानरसभा में संयोजक पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा एंव प्रभारी खटीमा के हिमांशु बिष्ट को बनाया गया है। श्री राणा ने बताया कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में मजबूत करने का काम बखूबी करेंगे।

# आयुष्कामीय स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों रोगियों की हुई जांच

## तीन दिवसीय शिविर में जांच के साथ चिकित्सक देंगे परामर्श

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग द्वारा आज से गांधी पार्क में तीन दिवसीय आयुष्कामीय स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ किया गया। जिसमें चिकित्सकों द्वारा शिविर में आये रोगियों के विभिन्न रोगों की जांच कर उन्हें रोगों के उपचार के लिए महत्वपूर्ण परामर्श दिया गया । इसके साथ ही शिविर में रोगियों को नि:शुल्क दवायें भी वितरित की गईं। इससे पूर्व नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल व जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. आलोक कुमार शुक्ला, सीएमओ मनोज कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर शिविर का विधिवत शुभारम्भ किया। श्री दुर्गापाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज के परिवेश में आयुर्वेद चिकित्सा रोग निवारण में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। सरकार द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। जिसका लाभ सभी को उठाना चाहिए। उन्होंने आयोजित शिविर की सराहना करते हुए कहा कि शिविर में आने वाले सभी रोगियों को बेहतर चिकित्सा के साथ ही रोग निवारण के लिए उचित परामर्श दिया जाये ताकि रोगियों को इसका पूरा लाभ मिल सके। प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक प्रतिदिन आयोजित होने वाले शिविर में मर्म चिकित्सा, आयुर्वेद व न्यूरोथेरेपी, होम्योपैथिक चिकित्सा, आयुर्वेद चिकित्सा, थार सूत्र चिकित्सा, जलोका चिकित्सा, अग्नि कर्म चिकित्सा, नाड़ी व प्रकृति परीक्षण, सहित अन्य आयुर्वेद चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से शिविर में आये रोगियों को उनके रोगों के बेहतर उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों राष्ट्रीय आयुष मिशन के जिला नोडल अधिकारी डा. मानवेन्द्र सिंह, डा. विरेन्द्र रौतेला, जिला आयुष्कामीय एवं यूनानी अधिकारी डा. सुधीर सोनी, डा. राकेश कुमार, डा. संदीप कुमार, डा. प्रतिभा सती, डा. सुरेन्द्र पपनेजा, डा. भावना टम्टा आदि द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त शिविर में रोगियों की शूगर, होम्योग्लोबिन व रक्तचाप आदि की नि:शुल्क जांच की जा रही है। वहीं योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया जा रहा है। तीन दिवसीय शिविर में स्कूली बच्चों की स्वास्थ्य सम्बंधी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसके विजेताओं को पुरस्कृत किया जा रहा है। शिविर को सफल बनाने में विभाग के श्रीमती आरती गौड़, दीपक पंवार, मशरूफ अहमद, शीनम ठुकराल, तरूण बर्थवाल, मनु, सूरज, कविता, डिम्पी आदि सहयोग कर रहे हैं।







